Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com || दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

मां सिद्धिदात्री

नये भारत की नई सोच

शुभ नवरात्री

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 94 | रविवार, 06 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## रक्षा मंत्री ने आईओएस सागर को दिखाई हरी झंडी

# कहा- 'हिंद महासागर क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करना भारत का लक्ष्य'

**कारवार।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे से हिंद महासागर पोत 'सागर' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में मुक्त नौवहन, नियम आधारित व्यवस्था और शांति सुनिश्चित करना भारत का सबसे बड़ा उद्देश्य है।

भारत किसी भी देश की संप्रभुता से समझौता किए बिना हिंद महासागर में हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। राजनाथ नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में भाग लेने और प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत नौसेना बेस पर नए विकसित बुनियादी ढांचे का उद्घाटन करने के लिए कारवार पहुंचे थे। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कारवार नौसैनिक अड्डे पर लोगों को संबोधित करते हुए




राजनाथ ने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की तैनाती सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि मित्र देशों के लिए भी है। भारत का प्रयास हिंद महासागर क्षेत्र को और अधिक शांतिपूर्ण एवं समृद्ध बनाना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी नौसेना यह सुनिश्चित करती है कि हिंद महासागर क्षेत्र में कोई भी देश अपनी विशाल अर्थव्यवस्था या सैन्य शक्ति के आधार पर किसी दूसरे को दबा न सके। रक्षा मंत्री ने नौसैनिक अड्डे पर विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। नौसेना परियोजना 'सीबर्ड' के तहत महत्वपूर्ण नौसैनिक अड्डे का विस्तार कर रही है। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'सागर' हिंद महासागर क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ मजबूत संबंध बनाने और हिंद महासागर क्षेत्र में अधिक सुरक्षित, अधिक समावेशी और सुरक्षित समुद्री वातावरण की दिशा में काम करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगा। हिंद महासागर पोत 'सागर' (सिक्यूरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल द रीजन) क्षेत्र में सुरक्षा के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति 'महासागर' (म्युचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्यूरिटी एक्रास द रीजन) के दृष्टिकोण के साथ हिंद महासागर देशों के साथ निरंतर सहयोग की दिशा में एक पहल है।

## देशभर में संगठन को मजबूत करने में जुटी कांग्रेस



**नई दिल्ली।**

अब देशभर में संगठन की मजबूत पर काम कर रही कांग्रेस ने तय किया है कि संगठन निर्माण और उसके क्रियाकलापों की बारीकी से निगरानी होगी। जिला और शहर अध्यक्षों को टाइमलाइन बनाकर लक्ष्य सौंप दिया गया कि जून तक गांव और वार्ड स्तर पर कमेटियां बना लेनी हैं।

इतना ही नहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने तो दो टूक कह दिया है कि यदि तीन माह बाद जिला और शहर अध्यक्षों का रिपोर्ट कार्ड बनेगा। जो उम्मीदों पर खरे नहीं उतरेंगे, उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। कांग्रेस ने यह वर्ष संगठन निर्माण के लिए समर्पित किया है। इसी के तहत अलग-अलग राज्यों के समूह बनाकर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेता जिला व शहर अध्यक्षों के साथ बैठकें कर रहे हैं। गत दिवस शीर्ष नेताओं ने उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल आदि राज्यों के जिला व शहर अध्यक्षों के साथ बैठक की। संगठन निर्माण को लेकर सांसद शशिकांत सैंथिल ने प्रस्तुतीकरण किया।

### संगठन को इतना मजबूत बनाना होगा

हर विधानसभा और लोकसभा सीट पर संगठन को इतना मजबूत बनाना होगा कि यदि सहयोगी दलों से गठबंधन न हो सके तो कांग्रेस अपने बूते पर मजबूती से चुनाव लड़ सके। संदेश यही था कि संगठन की कमजोरी के चलते ही कांग्रेस को अपने कार्यकताओं के मनोबल और मंशा की अनदेखी कर मजबूरन कई राज्यों में गठबंधन में चुनाव लड़ना पड़ रहा है।

## वक्फ संशोधन बिल को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी

**नई दिल्ली।**

वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 कानून बन गया है। मैराथन बहस के बाद संसद के दोनों सदनों से पारित विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार देर रात मंजूरी दे दी। इसके साथ ही राष्ट्रपति मुर्मु ने मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2025 को भी अपनी स्वीकृति दे दी।

सरकार ने एक अधिसूचना में कहा कि संसद से पारित वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। इससे पहले लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ (संशोधन) विधेयक गरमागरम बहस के बाद पारित कर दिया था। वहीं, नए कानून को कांग्रेस, एआईएमआईएम और आम




आदमी पार्टी (आप) ने अलग-अलग याचिकाओं के साथ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। नए कानून का उद्देश्य पक्षपात, वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग और वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण को रोकना है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने कहा है कि यह कानून मुस्लिम विरोधी नहीं है। वहीं, राष्ट्रपति मुर्मु के हस्ताक्षर के बाद वक्फ (संशोधन) विधेयक कानून बन गया है। अब पूरे देश में नया वक्फ कानून लागू हो जाएगा। संयुक्त समिति की रिपोर्ट के बाद लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक- 2025 पारित किया गया।

इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार, वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से संबंधित हितधारकों के सशक्तिकरण, सर्वेक्षण, पंजीकरण और मामले के निपटान की प्रक्रिया में सुधार लाना है। इसके अलावा मुसलमान वक्फ अधिनियम- 1923 को भी निरस्त कर दिया गया है। राज्यसभा में इस बिल पर करीब 13 घंटे तक चर्चा चली।




## वक्फ संपत्ति के नाम पर बड़ा हेरफेर कागज में मस्जिद और दरगाह

**नई दिल्ली।**

वक्फ संपत्ति को लेकर बड़े पैमाने पर अनियमितता रही है। ज्यादातर संपत्ति का लेखा-जोखा नहीं है। अगर किसी का रिकॉर्ड है तो कागज में कुछ, जबकि धरातल पर कुछ और संपत्ति मिल रही है। बरेली के आंवला के पक्का कटरा में वक्फ नंबर 610444 में संपत्ति के रूप में एक मकान दर्ज है, लेकिन मौके पर 21 दुकान, दो मकान और एक मस्जिद मिली। हाथरस के सिकंदराराऊ में वक्फ की जमीन तहसील में निजी रूप में दर्ज है। यह तो सिर्फ बानगी है। जानकारी के मुताबिक, केंद्र सरकार ने बिल पेश करने से पहले ही अलग-अलग एजेंसियों से देशभर में वक्फ संपत्तियों का सर्वे कराया था।

## पीएम मोदी आज करेंगे पंबन ब्रिज का उद्घाटन

**चेन्नई।**

प्राचीन तमिल संस्कृति, सभ्यता एवं तमिल-इतिहास को दशार्ने वाले और समुद्र के पानी में निर्मित देश के पहले आधुनिक वर्टिकल 'पंबन' लिफ्ट पुल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रामनवमी के अवसर पर रविवार (छह अप्रैल) को तमिलनाडु के रामेश्वरम में करेंगे।

इस दौरान प्रधानमंत्री रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) नई ट्रेन सेवा और एक जहाज को हरी झंडी दिखाएंगे और पुल के संचालन को देखेंगे। इसके बाद वह रामेश्वरम में रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। वह तमिलनाडु में 8,300



करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं में एनएच-40 के 28 किलोमीटर लंबे वालाजापेट-रानीपेट खंड को चार लेन का बनाने के कार्य का शिलान्यास और एनएच-332 के 29 किलोमीटर लंबे विलुप्पुरम-पुडुचेरी खंड को चार लेन का बनाने का काम, एनएच-32 का 57 किलोमीटर लंबा पूंडियनकुप्पम-सत्तनाथपुरम खंड और एनएच-36 का 48 किलोमीटर लंबा चोलापुरम-तंजावुर खंड शामिल हैं।



## संपादक की कलम से

# टैरिफ छीन लेगा नौकरियां

अमरीका के जैसे को तैसा टैरिफ से भारत की जीडीपी को 0.7 फीसदी का नुकसान हो सकता है। बेशक यह बहुत कम आंकड़ा लगता है, लेकिन नुकसान 2.5-3 लाख करोड़ रुपए तक का हो सकता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। विशेषज्ञों के ही आकलन हैं कि यदि जीडीपी कम हुई, तो उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा, लिहाजा फैक्टरियां या तो कर्मचारियों की छंटनी करेंगी अथवा वेतन कम करेंगी। आकलन यहां तक हैं कि 7-8 लाख नौकरियां जा सकती हैं। ऐसा ही प्रभाव तमिलनाडु की कंपनियों पर पड़ सकता है, जहां कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक्स का व्यापार करती हैं। भारत के गुजरात से प्रमुख तौर पर 78,000 करोड़ रुपए के रत्न-आभूषण, पत्थरों का कारोबार अमरीका के साथ किया जाता है। टैरिफ बढ ? से वे ज्यादा महंगे उत्पाद हो जाएंगे। एक उदाहरण एप्पल आईफोन का है, जिसकी फैक्टरियां भारत और चीन में हैं। चीन पर 34 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। पहले से ही चीन पर टैरिफ काफी ज्यादा है। अब नए टैरिफ के बाद भारत-चीन में निर्मित एप्पल फोन अमरीकी बाजार में महंगा हो जाएगा, तो जाहिर है कि महंगा फोन कोई क्यों खरीदेगा? नए हालात में भारत की मुद्रा ह्यरुपयाह्ण और अधिक कमजोर होगा तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी कम होगा। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय भी स्वीकार कर रहा है कि यह टैरिफ हमारे लिए ह्यझटकाह्ण नहीं, बल्कि ह्यमिक्सबैगह्ण है। यानी कुछ तो नुकसान के आसार हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने करीब 60 देशों पर ह्यजैसे को तैसा टैरिफह्ण थोपा है, नतीजतन दुनिया के देशों में हडकंप मचा है, अर्थव्यवस्थाएं हिल गई हैं, गरीबी और महंगाई के बढ ? के आसार हैं, ज्यादातर देश इसे ह्यटैरिफ युद्धह्ण मान रहे हैं और इसे ट्रंप का ह्यव्यापारिक पागलपनह्ण करार दे रहे हैं। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि दुनिया में 122 लाख करोड़ रुपए तक का नुकसान हो सकता है। बहरहाल भारत-अमरीका के बीच अनेक वस्तुओं और उपकरणों आदि का आयात-निर्यात होता है। प्रधानमंत्री मोदी की फरवरी अमरीकी यात्रा के दौरान दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय कारोबार को 500 अरब डॉलर (करीब 43 लाख करोड़ रुपए) तक बढ़ाने के समझौते की घोषणा की थी। व्यापार-सौदा इसी के तहत किया जाना है। इसका प्रथम चरण सितंबर-अक्तूबर तक पूरा हो सकता है। उसमें टैरिफ का समाधान मिल सकता है। अच्छी बात यह है कि भारत के फार्मा, तांबा, तेल, सेमीकंडक्टर, गैस, कोयला, एलएनजी, इंसुलिन, विटामिन्स, कीमती धातुएं (सोना, चांदी, प्लेटिनम), प्रिटेंड सामग्री और जिंक आदि 50 प्रमुख उत्पादों को ह्यटैरिफ-मुक्तह्ण रखा गया है। करीब 6 अरब डॉलर के निर्यात वाली मशीनरी, 4 अरब डॉलर के निर्यात वाले मिनरल फ्यूल, 3 अरब डॉलर निर्यात वाले ऑर्गेनिक केमिकल्स और 1 अरब डॉलर के निर्यात वाले इमारती पत्थर आदि पर टैरिफ के कम असर पड ? की संभावनाएं हैं, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्ट फोन, रत्न-आभूषण और कृषि सरीखे क्षेत्रों पर व्यापक असर पड़ेगा। हमारे किसान 50,000 करोड़ रुपए के चावल, फल-सब्जियां, अनाज आदि अमरीका को भेजते हैं। चावल पर फिलहाल 2.7 फीसदी टैरिफ है, जो कुल मिला कर 9-11 फीसदी के बीच बनता है।



ललित शर्मा
संपादक

# नवरात्रि का नौवां दिन : मां सिद्धिदात्री की पूजा

## जानें मां सिद्धिदात्री की पूजा का शुभ मुहूर्त, विधि, आरती और कन्या पूजन

नवरात्रि का नौवां दिन मां सिद्धिदात्री को समर्पित है। इस दिन को राम नवमी और महानवमी के नाम से जाना जाता है। यह दिन मां दुर्गा के सिद्धिदात्री रूप को समर्पित है। इस दिन भक्त मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करने के साथ कन्याओं का पूजन अथवा भोजन भी कराते हैं। ऐसा करने से भक्तों पर मां दुर्गा की कृपा बनी रहती है। लोग इस दिन कन्या पूजन के साथ मां सिद्धिदात्री की विशेष रूप से पूजा आराधना करते हैं। मां को आदि शक्ति भगवती के नाम से भी जाना जाता है।

धार्मिक मान्यता है कि मां सिद्धिदात्री की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करने से भक्तों को सिद्धि और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस बार अष्टमी और नवमी तिथि एक ही होने के कारण दोनों ही दिन का कन्या पूजन एक ही दिन अलग- अगल मुहूर्त में किया जाएगा।

### मां सिद्धिदात्री की पूजा की तिथि

- वैदिक पंचाग के अनुसार, नवमी तिथि की शुरूआत शुक्रवार, 11 अक्टूबर दोपहर 12 बजकर 6 मिनट होगी। नवमी तिथि का समापन शनिवार, 12 अक्टूबर दोपहर 10 बजकर 58 मिनट तक रहेगी। उदय तिथि के अनुसार,नवमी तिथि शुक्रवार, 11 अक्टबर को मनाई जाएगी।

### अष्टमी और नवमी तिथि कन्या पूजन का शुभ मुहूर्त

- हिंदू पंचांग के अनुसार, अष्टमी तिथि कन्या पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 44 मिनट से लेकर 10। बजकर 37 मिनट तक रहेगा। वहीं नवमी तिथि का कन्या पूजन के शुभ मुहूर्त की शुरूआत 2 बजे से लेकर 2 बजकर 45 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा एक मुहूर्त सुबह 11 बजक 45 मिनट से लेकर 12 बजकर 30 मिनट तक भी रहेगा। इस मुहूर्त में भी कन्या पूजन किया जा सकता है।



### मां सिद्धिदात्री मंत्र जाप

**पूजा मंत्र**

सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि,
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।
स्वयं सिद्ध बीज मंत्र:
ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नम:।

**मां सिद्धिदात्री स्तुति**

या देवी सर्वभूतेषु माँ सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:॥

**मां सिद्धिदात्री ध्यान**

वन्दे वाञ्छित मनोरथार्थ चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
कमलस्थिताम् चतुर्भुजा सिद्धीदात्री यशस्विनीम्॥

स्वर्णवर्णा निर्वाणचक्र स्थिताम् नवम् दुर्गा त्रिनेत्राम्।
शङ्ख, चक्र, गदा, पद्मधरां सिद्धीदात्री भजेम्॥
पटाम्बर परिधानां मृदुहास्या नानाल□ार भूषिताम्।
मञ्जीर, हार, केयूर, किङ्□िणि रत्नकुण्डल मण्डिताम्॥

प्रफुल्ल वन्दना पल्लवाधरां कान्त कपोला पीन पयोधराम्।
कमनीयां लावण्यां श्रीणकटिं निम्ननाभि नितम्बनीम्॥

### मां सिद्धिदात्री की आरती

जय सिद्धिदात्री मां, तू सिद्धि की दाता।
तू भक्तों की रक्षक, तू दासों की माता।
तेरा नाम लेते ही मिलती है सिद्धि।
तेरे नाम से मन की होती है शुद्धि।
कठिन काम सिद्ध करती हो तुम।
जभी हाथ सेवक के सिर धरती हो तुम।
तेरी पूजा में तो ना कोई विधि है।
तू जगदम्बे दाती तू सर्व सिद्धि है।
रविवार को तेरा सुमिरन करे जो।
तेरी मूर्ति को ही मन में धरे जो।
तू सब काज उसके करती है पूरे।
कभी काम उसके रहे ना अधूरे।
तुम्हारी दया और तुम्हारी यह माया।
रखे जिसके सिर पर मैया अपनी छाया।
सर्व सिद्धि दाती वह है भाग्यशाली।
जो है तेरे दर का ही अम्बे सवाली।
हिमाचल है पर्वत जहां वास तेरा।
महा नंदा मंदिर में है वास तेरा।
मुझे आसरा है तुम्हारी ही माता।
भक्ति है सवाली तू जिसकी दाता।

### मां सिद्धिदात्री की पूजा विधि

नवमी को मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करने के लिए सुबह स्नान कर साफ वस्त्र धारण करें, उसके बाद सबसे पहले कलश की पूजा व समस्त देवी देवताओं का ध्यान करें। मां को मोली, रोली, कुमकुम, पुष्प और चुनरी चढ़ाकर मां की भक्ति भाव से पूजा करें। इसके बाद मां को पूरी, खीर, चने, हलुआ, नारियल का भोग लगाएं। उसके बाद माता के मंत्रों का जाप करें और नौ कन्याओं के साथ एक बालक को भोजन कराएं।

### मां सिद्धिदात्री का भोग

मां सिद्धिदात्री को मौसमी फल, चना, पूड़ी, हलवा, खीर और नारियल बहुत प्रिय हैं। मान्यता है कि नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री को इन चीजों का भोग लगाने से वह बहुत प्रसन्न होती है।

### मां सिद्धिदात्री का प्रिय रंग

मां सिद्धिदात्री को बैंगनी और सफेद रंग प्रिय है। इस दिन मां सिद्धिदात्री को सफेद या बैंगनी रंग के वस्त्र अर्पित करना बहुत अच्छा होता है। इसके अलावा महानवमी को बैंगनी या सफेद रंग के कपड़े पहनना बहुत शुभ होता है। यह रंग अध्यात्म का प्रतीक माना जाता है।

### कन्या पूजन की विधि

महानवमी के दिन कन्या पूजन करना बहुत ही शुभ फलदायी माना जाता है। इस दिन कन्या पूजन करने से पहले साफ जल से कन्याओं के पांव धोएं। उसके बाद पैर छूकर आशीर्वाद लें। फिर कन्याओं चंदन और कुमकुम का तिलक लगाकर कलावा बांधे। उसके बाद कन्याओं को चुनरी और चुड़ियां पहनाएं। उसके बाद कन्याओं को भोजन कराएं। फिर दक्षिणा और उपहार देकर कन्याओं के पांब छूकर आशीर्वाद लें। अंत में माता रानी का ध्यान कर क्षमा प्राथना करें।

### मां सिद्धिदात्री की पूजा का महत्व

नवरात्रि के नौवे दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मान्यता है कि जो भक्त मां भगवती के इस स्वरुप की पूरे विधि विधान से पूजा करता है। उसके सभी काम पूरे होते हैं। इसके अलावा मां सिद्धिदात्री की पूजा करने से धन, यश, बल और मोक्ष की प्राप्ति होती है। देवी पुराण के अनुसार शिवजी ने देवी मां की कृपा से ही सिद्धियों को प्राप्त किया था। जिससे उनका शरीर आधा देवी का हो गया था, इसलिए भगवान शिव को अर्धनारीश्वर भी कहा जाता है।

## प्रवीण कुमार
## ‘आँख में नमी’
### कविता



सूख रहे है
मेरे शहर के तालाब
सूख रही है झील नदी भी
बह रही है सिकुड़ कर उसका भी
सूख चुका है अपना पानी।
नदी की काली धारा में
जो द्रव बह रहा है
शहर के निवासियों का मल–मूत्र है
इस मल–मूत्र को
और जहरीला बना रहे है
शहर के विकास में
कथित उल्लेखनीय भूमिका निभाने
वाले उद्योगों से निकल रहे रसायन।
शहर की बढ़ती हुई आबादी
सुरसा के मुंह की तरह सोख रही है
भूमिगत जल के भंडारों को
गिरता ही जा रहा है
भू–जल का स्तर दिन –प्रतिदिन
क्या कोई संबंध होता है
नदी, तालाब और झील के सूखने
और आदमी की आंख के पानी के सूखने में
मुझे इन दिनों
दिखाई क्यों नहीं देती
अपने शहर के लोगों की आंखो में
आवश्यक नमी?

## भ्रष्टाचार पर लगाम और पारदर्शिता की नई पहल

# वक्फ संशोधन बिल 2024: पारदर्शिता और जवाबदेही की ओर एक क्रांतिकारी कदम



प्रियंका सौरभ

वक्फ संशोधन बिल 2024 लोकसभा में पारित हुआ, जिसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। भारत में वक्फ बोर्ड के अंतर्गत लाखों एकड़ भूमि आती है, लेकिन वर्षों से इसके दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप लगते रहे हैं। यह बिल वक्फ बोर्डों की मनमानी पर रोक लगाने, संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित करने और कानूनी विवादों के समाधान में मदद करेगा। हालांकि, कुछ चुनौतियाँ भी सामने आ सकती हैं, जैसे वक्फ बोर्डों का विरोध और नए तंत्र का प्रभावी क्रियान्वयन। यदि यह कानून प्रभावी रूप से लागू होता है, तो यह वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों को कम करने और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

भारत में वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवाद और भ्रष्टाचार के आरोप लंबे समय से चर्चा का विषय रहे हैं। देश में लाखों एकड़ भूमि वक्फ बोर्ड के अंतर्गत आती है, जिसका उद्देश्य धार्मिक और सामाजिक कल्याण कार्यों के लिए संपत्तियों का उपयोग करना है। हालांकि, समय के साथ यह देखा गया कि वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन पूरी तरह पारदर्शी नहीं रहा, और कई मामलों में अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप सामने आए हैं।

### वक्फ संशोधन बिल 2024: क्या हैं प्रमुख बदलाव?

लोकसभा में पारित वक्फ संशोधन बिल 2024 का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। इस बिल में यह प्रावधान किया गया है कि वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली की निगरानी और सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाया जाएगा, ताकि संपत्तियों के दुरुपयोग को रोका जा सके। संशोधन के तहत पुराने किरायेदारों को अधिक कानूनी सुरक्षा दी जाएगी, जिससे उन्हें जबरन निष्कासन का सामना न करना पड़े। वक्फ संपत्तियों की लीज, बिक्री, या हस्तांतरण में पारदर्शिता लाने के लिए नई निगरानी एजेंसियाँ बनाई जाएँगी। इसके अलावा, सभी सौदों की डिजिटल रिकॉर्डिंग और पारदर्शी ऑडिटिंग की व्यवस्था की जाएगी। वक्फ संपत्तियों से जुड़े कानूनी विवादों के निपटारे के लिए विशेष न्यायाधिकरण बनाए जाने का प्रस्ताव है। इससे मामलों का त्वरित समाधान हो सकेगा और आम नागरिकों को लंबे समय तक अदालतों में भटकना नहीं पड़ेगा।

लोकसभा में हाल ही में पारित वक्फ संशोधन बिल 2024 से उम्मीद की जा रही है कि यह बिल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाएगा और आम नागरिकों, खासकर उन किरायेदारों को राहत प्रदान करेगा, जो वर्षों से इन संपत्तियों में रह रहे हैं या उनसे जुड़े कानूनी विवादों का सामना कर रहे हैं। भारत में वक्फ अधिनियम 1995 के तहत वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन किया जाता है। इस कानून के तहत बनाई गई वक्फ बोर्डों को अत्यधिक शक्तियाँ प्रदान की गईं, जिससे वे अपने अधीन संपत्तियों का नियंत्रण कर सकें। हालाँकि, इस प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी और मनमानी फैसलों के चलते कई विवाद उत्पन्न हुए। वक्फ बोर्ड के पास मौजूद कानूनी अधिकारों के कारण कई स्थानों पर उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, कई मामलों में वक्फ बोर्ड अधिकारियों द्वारा संपत्तियों को मनमाने ढंग से लीज पर देना, कब्जे खाली करवाना, और बिना उचित प्रक्रिया के संपत्ति बेचने जैसे फैसले लिए गए हैं। हजारों किरायेदार दशकों से वक्फ संपत्तियों में रह रहे हैं। लेकिन कई बार वक्फ बोर्डों ने पुराने किरायेदारों को कानूनी सुरक्षा प्रदान नहीं की, बल्कि उन्हें संपत्तियों से बाहर निकालने की कोशिश की। ऐसे मामलों में कई परिवारों को कानूनी लड़ाइयों में उलझना पड़ा, और कुछ मामलों में जबरन बेदखली भी देखी गई। वक्फ संपत्तियों की खरीद, बिक्री, और लीज में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की शिकायतें आई हैं।

# भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस..... अटल से मोदी युग का सफर



(प्रदीप चौधरी अटल)

देश की राजनीति में अपनी विशेष पहचान रखने वाली भारतीय जनता पार्टी जिसे लघु रूप में भाजपा या बीजेपी के नाम से संबोधित किया जाता है आज संपूर्ण दुनियां में सख्त और कठोर निर्णय लेने के कारण चर्चा में है। भारतीय जनता पार्टी का जन्म 6 अप्रैल 1980 को हुआ आज भले ही भाजपा ने अपने राजनीतिक जीवन के 45 साल पूर्ण कर लिए और विश्व की सबसे अधिक सदस्यों वाली पार्टी होने का गौरव भी पा लिया लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने के लिए पार्टी को बहुत अधिक संघर्ष करना पड़ा। लाखों कार्यकताओं के खून पसीने की मेहनत के बाद भाजपा को केंद्र सहित अनेक राज्यों में सत्तासीन होने का सौभाग्य मिला। राजनीति के जानकार वर्ष 1990 तक कभी यह सोच भी नहीं सकते थे कि भाजपा कभी कांग्रेस को उखाड़ पाएगी और अकेले अपने दम पर सरकार की मुख्य धूरी बन पाएगी। भाजपा ने केंद्र सरकार चलाने के लिए अपना गठबंधन धर्म निभाने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के जरिए अपने सभी सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने का कार्य कर देश को मजबूत सरकार प्रदान की। एक समय था जब समर्पित कार्यकर्ता नारा लगाते थे अटल, आडवाणी कमल निशान मांग रहा है हिंदुस्तान इसके बाद नारा चला राजतिलक की करो तैयारी आ रहे है भगवा धारी। भाजपा 45 साल की हुई और पार्टी की रीति नीति, कार्यशैली में भी बदलाव हुआ। अटल युग के बाद मोदी का समय आया अब अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी का स्थान नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी ने ले लिया। नारा चला हर हर मोदी घर घर मोदी और जो राम को लाएं हैं हम उनको लाएंगे अटल, आडवाणी , जोशी के समय में भाजपा जोड़ तोड़ ओर गठबंधन की राजनीति के दम पर राजनीति में संभावना तलाश रही थी अब हर राजनीतिक दल भाजपा को केंद्र मानकर राजनीति कर रहे है। कुछ साथ है तो कई भाजपा को अपना प्रतिद्वंदी मानकर राजनीति में भविष्य की संभावनाएं तलाश रहे है।एक समय राजनीति में अछूत रही भाजपा अब सर्व स्पर्शी हो गई। पहले भाजपा कुछ राज्यों तक ही राजनैतिक भविष्य और संभावनाएं तलाशती थी अब संपूर्ण भारत में राजनीति का केंद्र बन चुकी है। इसमें भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हिम्मत ओर अमित शाह की चाणक्य नीति, योगी की दबंगता काम आई लेकिन अटल बिहारी वाजपेई, लाल कृष्ण आडवाणी, मुरलीमनोहर जोशी का धैर्य, त्याग, तपस्या का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। देश की राजनीति में बहुत से ऐसे दल रहे हैं जिनमें एक दो दशक के बाद ही विभाजन हुआ लेकिन भाजपा इस बुराई से दूर रही। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की फैक्ट्री से तपकर निकले लाखों कार्यकर्ता भाजपा की विचार धारा से जुड़कर देश की राजनीति में बदलाव का प्रयास कर रहे है। एक समय था जब यह कहा जाता था कि भाजपा केवल विपक्ष की राजनीति कर सकती है लेकिन देश में सत्तासीन होकर भाजपा की सरकार ने जिस प्रकार के निर्णय लिए उसने यह बता दिया भाजपा देश को मजबूत और सुशासन दे सकती है। धारा 370 हटाना, कोर्ट के आदेश के बाद अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण, वक्फ बोर्ड संशोधन प्रस्ताव सहित अनेक विषय है जो भाजपा को सफल प्रशासक के रूप में पहचान दिलाते है। प्रारंभ में केवल दो सांसदों से राजनीतिक यात्रा शुरू करने वाली भाजपा अब अपने दम पर सरकार का संचालन कर रही है। भाजपा के नेता लाल कृष्ण आडवाणी की रामरथ यात्रा और डा. मुरली मनोहर जोशी की कश्मीर तिरंगा यात्रा ने युवाओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य किया। भाजपा की सफलता के पीछे कई कारण हैं। पहला, पार्टी ने हमेशा राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया है। दूसरा, पार्टी ने आर्थिक विकास और गरीबी उन्मूलन के लिए कई कार्यक्रमों को लागू किया है। तीसरा, पार्टी ने हमेशा सुशासन और पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है।

### भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख आंदोलन

1. भारतीय जनसंघ का गठन: भारतीय जनसंघ का गठन 1951 में हुआ था, जो भाजपा का पूर्ववर्ती था। जनसंघ ने भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
2. जयप्रकाश नारायण का आंदोलन: 1970 के दशक में जयप्रकाश नारायण ने एक आंदोलन शुरू किया, जिसका उद्देश्य भारतीय राजनीति में सुधार करना था। जनसंघ ने इस आंदोलन का समर्थन किया।
3. भारतीय जनता पार्टी का गठन: 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। पार्टी ने अपने पहले अध्यक्ष के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी को चुना।
4. राम जन्मभूमि आंदोलन: भाजपा ने राम जन्मभूमि आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आंदोलन अयोध्या में राम जन्मभूमि के मुद्दे पर केंद्रित था।
5. कश्मीर में धारा 370 का विरोध: भाजपा ने कश्मीर में धारा 370 का विरोध किया, जो कश्मीर को विशेष दर्जा देती थी।

### भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं के योगदान

1. अटल बिहारी वाजपेयी: अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के पहले अध्यक्ष थे और उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में भी कार्य किया।
2. लालकृष्ण आडवाणी: लालकृष्ण आडवाणी भाजपा के एक प्रमुख नेता थे और उन्होंने भारत के उपप्रधानमंत्री के रूप में भी कार्य किया।
3. नरेंद्र मोदी: नरेंद्र मोदी भाजपा के एक प्रमुख नेता हैं और उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में भी कार्य किया है।
4. अमित शाह: अमित शाह भाजपा के एक प्रमुख नेता हैं और उन्होंने भारत के गृह मंत्री के रूप में कार्य कर रहे है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक: ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# विधायक विनोद भयाना की अगवाई में उमरा- सुल्तानपुर गांव पहुंची साइक्लोथॉन यात्रा का सैकड़ो लोगों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** .मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा हिसार से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई राज्य स्तरीय साइक्लोथोंन यात्रा करीबन डेढ़ घंटे के बाद हांसी हलके के उमरा-सुल्तानपुर गांव पहुंची। यहां विधायक विनोद भयाना की अगुवाई में सैकड़ो लोगों ने साइक्लोथोंन यात्रा में शामिल साइकिल सवारों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हमेंद्र कुमार मीणा तथा उपमंडल प्रशासन के कई अधिकारी तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

श्री भयाना ने साइक्लोथोंन यात्रा का हल्का में पहुंचने पर स्वागत किया और उपस्थित विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि नशा सभी बुराइयों की जड़ है। प्रदेश से नशे की जड़ों को काटने के लिए राज्य सरकार द्वारा ठोस सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रयासों की इसी श्रृंखला के तहत आज हिसार से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साइक्लोथोंन 2.0 अभियान की शुरूआत की है। यह साइकिल यात्रा नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देते हुए प्रदेश भर से होकर गुजरेगी। इसका समापन 27 अप्रैल को सिरसा जिला में होगा। समापन समारोह में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे।

नशे का त्याग कर प्रदेश की उन्नति में दे योगदान : विधायक विनोद भयाना ने लोगों का आह्वान किया कि हमारा हरियाणा धाकड़ था, धाकड़ है और इसे हमेशा धाकड़ बनाए रखने के लिए नशे से दूर रहकर प्रदेश की उन्नति में अपना अहम योगदान अदा करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा को नशा मुक्त राज्य बनाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री के इस सपने को साकार करने के लिए हर व्यक्ति को अपने स्तर पर योगदान देना होगा। विधायक भी हुए साइकिल पर सवारः साइक्लोथोंन यात्रा के दौरान विधायक विनोद भयाना तथा पुलिस अधीक्षक भी साइकिल पर सवार होकर यात्रा में शामिल। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक यात्रा का नेतृत्व किया। विधायक विनोद भयाना ने हिसार में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ साइकिल यात्रा की। लघु नाटिका के माध्यम से कलाकारों ने नशे की बुराई पर किया प्रहारः साइक्लोथोंन यात्रा में लोक कलाकारों की मंडली भी साथ चल रही है। इस मंडली में शामिल कलाकार लघु नाटिका प्रस्तुत कर रहे हैं। सुल्तानपुर गांव में कलाकारों की इस प्रचार मंडली ने लघु नाटिका के माध्यम से नशा रूपी बुराई पर प्रहार किया। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से संदेश दिया कि नशा हमेशा बबार्दी की ओर लेकर जाता है। परिवार तथा समाज को इस बुराई से बचने के लिए अभी से ही से संभालने की जरूरत है, अगर देरी हुई तो पछतावे के सिवाय कुछ हाथ नहीं आएगा।

# दुर्गा अष्टमी पर घरों एवं मंदिरों में किया गया कन्या पूजन



वेलकम इंडिया महमूद रजा

नजीबाबाद नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर आज के दिन घरों एवं मंदिरों में छोटी कन्याओं को देवी दुर्गा का रूप मानकर उनकी पूजा की जाती है उन्हें भोजन प्रसाद खिलाकर उपहार दिए जाते हैं इसके चलते आज घरों में मंदिरों में व्रत का पारायण करते हुए श्रद्धालुओं ने कन्याओं को नए कपड़े चूड़ियां बिंदी फल मिठाई पढ़ाई से संबंधित सामान जैसे कॉपी पेंसिल आदि वितरित किए आज सुबह शिव शक्ति धाम आदर्श नगर पुलिस चौकी के निकट, शिव मंदिर पर आदर्श नगर, शिव मंदिर होटल वालिया, समाधि श्री राजा जी महाराज मुस्सेपुर, मां दुर्गा भगवती मंदिर राजारमपुर तुलसी, काली माता मंदिर, में भक्तों ने मां दुर्गा के सबसे शक्तिशाली स्वरूप महागौरी की, मां दुर्गा की पूजा करके कन्याओं को उपहार दिए भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने चेयरपर्सन सनोज देवी अपने न्यू लक्ष्मी नगर आवास पर कन्या पूजन किया पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति ने साहनपुर स्थित आवास पर, भाजपा नेता अनुज चौधरी ने ओम चौधरी हॉस्पिटल मंडावली, डा रितेश सैन ने बी चार आदर्श नगर में कन्या पूजन किया साथ ही क्षेत्र के घर-घर मंदिर मंदिर में कन्या पूजन किया गया।

## पड़ोसी पर गाली गलौज व मारपीट का आरोप

**कांधला।** नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी एक महिला ने पड़ोसी व्यक्ति पर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है पुलिस जांच कर रही है। शनिवार को मोहल्ला रायजादगान निवासी महिला मुनेश पत्नी जितेंद्र ने बताया कि पड़ोसी व्यक्ति रंजिश रखता है रंजिश के चलते उसके साथ गाली–गलौज व मारपीट करता है। पीड़ित महिला ने आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## उधार रुपए मांगने पर गाली गलौज व मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डूंडूखेडा निवासी एक व्यक्ति ने कई लोगों पर मजदूरी करने के नाम पर लिए गए उधार रुपए वापस मांगने पर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है पुलिस जांच कर रही है। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव डूंडूखेड़ा निवासी साजिद ने बताया कि उसके साथ गांव के ही कई युवक हरियाणा के संभालखा में मजदूरी करने के लिए गए थे और मजदूरी करने के नाम पर पीड़ित से 9500 सौ रुपए उधार लिए थे जो की मजदूरी करने के बाद चुकता करने का वादा कर गए थे। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी मजदूरी करने के लिए नहीं गए और जब पीड़ित ने अपने रुपए मांगे तो आरोपियों ने गाली गलौज करते ही है पीड़ित को दोबारा रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## मकान पर कब्जा नहीं देने का आरोप

**कांधला।** एक महिला ने कस्बे मोहल्ला डंग डूंगरा निवासी एक व्यक्ति पर खरीदे गए मकान पर रुपए लेकर कब्जा नहीं देने का आरोप लगाया है पुलिस जांच में जुटी हुई है। ? जनपद बागपत के कस्बा छपरौली निवासी महिला इमराना ने बताया कि पीड़िता ने गत 30 जनवरी को मोहल्ला डंग डूंगरा निवासी शौकीन से एक मकान 10 लाख रुपए में खरीदा था। मकान खरीदने के बाद उसने दो माह के बाद मकान खाली करने का वादा किया था। पीड़िता का आरोप है कि कई बार मकान खाली करने के लिए कहा तो आरोपी मकान खाली नहीं कर रहा है। शनिवार को पीड़िता अपने पति के साथ मकान खाली कराने के लिए पहुंची थी आरोपी ने गाली–गलौज करते हुए मारपीट कर भगा दिया और मकान खाली नहीं करने की धमकी दी है। दुसरी ओर गांव असदपुर जिडाना निवासी महिला शबनम ने बताया कि उसने दो वर्ष पूर्व गांव गढ़ी दौलत निवासी एक महिला से 10 बीघा कृषि भूमि खरीदी थी। आरोप है कि उक्त महिला का देवर पीड़िता व उसके परिवार से रंजिश रखते हुए उनके साथ आए दिन मारपीट करता है। पीड़िता की जमीन पर गेहूं की फसल तैयार है आरोपी गेहूं की फसल काटने नहीं दे रहा है पीड़ित महिला ने अपनी फसल कटवाने के लिए पुलिस से शिकायत कर मदद की गुहार लगाई है।पुलिस ने पीड़ितो को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## गर्भवती महिला ने लगाया मारपीट कर घायल करने का आरोप

कांधला। थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग निवासी एक गर्भवती महिला ने अपने जेठ व दो देवरो पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शनिवार को थाना क्षेत्र के बिजलीघर मार्ग निवासी महिला कौशर ने बताया कि उसका पति घर से काम करने के लिए गया हुआ था वह घर पर अकेली थी। पीड़िता का आरोप है कि वह गर्भवती है तभी मामूली कहासुनी होने पर उसके जेठ में दो देवरो ने उसके साथ लात घुसो व डंडों से जमकर मारपीट की। पीड़िता के पेट में लत लग जाने के कारण उसकी हालत बिगड़ गई पीड़ित महिला ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनियां के आवास पर पहुंचे

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/ हिसार(राजेश सलूजा) :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनियां के आवास पर पहुंचे और रात्रि भोज कियो रात्रि भोज के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बरवाला शहर की मशहूर चोपड़ा कुल्फी का आनन्द भी लियो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनियां की माता जी से आशीर्वाद ग्रहण कियो इस दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, विधायक विनोद भ्याणा, विधायक रणधीर पनिहार, जिलाध्यक्ष हांसी अशोक सैनी व हिसार जिलाध्यक्ष आशा रानी खेदड विशेष रूप से मौके पर मौजूद रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनियां के आवास पर पहुंचने पर मौके पर मौजूद भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट करके बड़ी गर्मजोशी के साथ स्वागत कियो प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनियां के आवास के इर्द-गिर्द पुलिस सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे प्रशासन के आला अधिकारीगण भी अपना मोर्चा संभाले हुए थे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ से हिसार जाते वक्त बीच रास्ते बरवाला में भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनियां के आवास पर लगभग एक घंटा रुके मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों की समस्याएं भी सुनी और इन समस्याओं के समाधान हेतु मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए रात्रि भोज करने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने काफिले के साथ हिसार के लिए रवाना हो गए इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज बादल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज उर्फ मोनू संदूजा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, विपिन लोहिया, प्रधान रोशन घनघस, वाइस चेयरमैन ताराचंद नलवा, डॉक्टर देशराज वर्मा, प्रवीण सैनी, अनूप सैनी, इंद्रजीत शेखावत, महेश शर्मा, राकेश गर्ग, कुलदीप सैनी, संदीप मलिक, महेंद्र सेतिया, केवल कृष्ण आर्य, सुरेश गोयल, अनिल ग्रेवाल, सरपंच कृष्ण बालक, मास्टर नरेंद्र पूनिया, विजेंदर सिहाग, अमित नैन, राजेश पुनिया, मास्टर कुलबीर, पवन बैनीवाल आदि मौजूद रह।

# ससुरालयों पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक विवाहिता ने अपने पति सहित ससुरालयों पर मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए उसे ससुराल में छोड़ कर ससुराल नहीं ले जाने सहित गंभीर आरोप लगाए हैं पीड़ित विवाहिता की मां ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी महिला आबिदा पत्नी मोमिन ने बताया कि उसने अपनी पुत्री आसमा की शादी दो वर्ष पूर्व बागपत जनपद के गांव लुम निवासी तालिब पुत्र लियाकत के साथ की थी। आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद तो ठीक रहा मगर उसके बाद से उसका पति एवं ससुराल के अन्य सदस्य दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि ससुरालयों की प्रताड़ना से परेशान होकर उसकी पुत्री की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। आरोप है कि 6 महा पूर्व दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर आरोपियों ने उसकी पुत्री को ससुराल में मारपीट की थी और मायके छोड़कर फरार हो गए थे। 6 माह बित जाने के बाद भी पति एवं ससुराल वाले उसे ले जाने के लिए तैयार नहीं है। पीड़ित महिला ने आरोपी पति सहित ससुराल के कई लोगों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित महिला को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# महागौरी की पूजा अर्चना कर व्रतों का किया समापन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर नगीना ।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने विधी विधान से महागौरी की पूजा अर्चना कर व्रतों का समापन किया तथा रामलीला मैदान स्थित मां दुर्गा शेरावाली और काली माता के मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मेले में जमकर खरीदारी की।

नवरात्र पर अष्टमी का पूजन करने वाले श्रद्धालु नर -नारियों ने शनिवार को अपने -अपने घरों पर श्रद्धा पूर्वक मां गौरी की विधी विधान से पूजा अर्चना कर कन्याओं को जिमाकर व उनके चरण स्पर्श कर तथा उन्हें अपनी श्रद्धानुसार उपहार भेंट कर अपने व्रतों का समापन किया, इस अवसर पर श्रद्धालु नर -नारियों ने धामपुर मार्ग रामलीला ग्राउंड स्थित दुर्गा माता शेरावाली विवेक महाकाली के प्रसिद्ध मंदिर में देवी हलवा पुरी नारियल चुनरी वे श्रंगार का सामान व भोग लगाकर देश और अपने परिवार की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की, अष्टमी के अवसर पर श्री रामलीला ग्राउंड स्थित देवी के मंदिर पर पश्चिम उत्तर प्रदेश का सबसे प्रसिद्ध विशाल मेला लगा जिसमें नगर व क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु नर नारियों व बच्चों ने भाग लिया और मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर खुशहाली की कामना की, मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें लगी रही, अष्टमी के मेले में श्रद्धालुओं की अपार भीड रही तथा मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही, शांति व्यवस्था व सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी तेजपाल सिंह बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मेले में मौजूद रहे।

# शाहनवाज खलील ने उपसरपंच चाय (गुड़ की चाय)का फीता काटकर उद्घाटन किया

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नगीना गुरुवार की सांय 4 बजे मुख्य अतिथि शेख शाहनवाज खलील जिला अध्यक्ष चेयरमैन संघ बिजनौर अपने समर्थकों के साथ स्थानीय रायपुर रोड, निकट नगीना पार्क पर पहुंचे जहां उन्होंने उपसरपंच चाय( गुड की चाय )का फीता काट कर उदघाटन किया।

उपसरपंच चाय के स्वामी सलीम अंसारी,जावेद अंसारी ने उद्घाटन मे आये सभी लोगो का स्वागत किया इनकी महारष्ट्र मे कई शाखा है एक शाखा इन्होने यें नगीना मे भी खोलीहै इस मोके पर तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे सरफराज अंसारी, इस्तियाक अंसारी, हाजी इरशाद अंसारी, शेख खुर्शीद ठेकेदार, नसीम अंसारी,इमरान अंसारी,सलीम अंसारी, रफीक अहमद अंसारी, जुबैर जैदी, कामरान एडवोकेट, इफ़्तेखार अहमद उर्फ मुन्ने, शहराज खलील,आशु मुनीम, राशिद मुल्तानी,वासिफ सिद्दीकी, महराज आर्यन, आदि लोग मौजूद रहे।

# आज शहर में निकाली जाएँगी रामनवमी शोभायात्रा , व्यवस्थाओं को लेकर टीमों का किया गठन

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान ।** शहर में आज रामनवमी भव्य शोभा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकाली जाएगी शोभायात्रा संयोजक गिरीश गर्ग ने बताया कि शहर को सजावट भगवामय पूर्ण कर दी गई है व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग टीम का गठन किया गया है जिसमें भगवा ध्वज वितरण संयोजक सीनू गुर्जर के साथ अशोक धर्मेंद्र कपिल सूरज कुलदीप अभिषेक कृष्णा कीरत और जतिन सहयोग करेंगे इसी प्रकार झांकियां की व्यवस्था हेतु नरेश कुमार को संयोजक बनाया गया है नरेश के साथ विजेंद्र शुभम गोविंदा कृष्णा चौधरी नमन ठाकुर धीरेंद्र कुशवाहा भानु सहयोग करेंगे महिलाओं को साफा वितरण का कार्य राहुल राणा द्वारा किया जाएगा शोभा यात्रा में अव्यवस्था ना फैले इसको लेकर चंद्र प्रताप धाकरे की देखरेख में रविंद्र दीपक कान्हा यादवेन्द्र बादल लल्लू विकास कृष्णा नवल सुमित और अमित सहयोग करेंगे शोभा यात्रा के आगे संजय पहलवान कार्यकताओं के साथ पान सिंह टिन्नी सूरज जयराम भोलू पवन के साथ व्यवस्था देखेंगे राम शर्मा ने बताया कि यात्रा में 1 ढोल बैंड डीजे के साथ साथ अखाड़ा और नासिक का ढोल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# 221 कन्या लांगुराओ को वितरण की प्रसादी

वेलकम इंडिया



**हाथरस** शक्ति की आराधना पर्व चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि को बोहरे वाली देवी माता के मंदिर भारत विकास परिषद हाथरस शाखा द्वारा पर पूजा अर्चना आराधना कर भोग अर्पित किया एवं प्रसाद का वितरण किया। उसके उपरांत प्राथमिक विद्यालय बुर्ज वाला कुआं, प्राथमिक विद्यालय मोहनगंज, प्राथमिक विद्यालय लाल डिग्गी, प्राथमिक विद्यालय वाटर वर्क्स, प्राथमिक विद्यालय नगला भोजा पर कन्या व लांगुराओं का पूजन कर पाठ्य सामग्री व 221 कन्या लांगुराओ को प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर भारत विकास परिषद हाथरस शाखा के अध्यक्ष जय शर्मा सचिव तरूण शर्मा कोषाध्यक्षा रिचा खंडेलवाल महिला सहभागिता संयोजिका ज्योति सिंह प्रवीण खंडेलवाल राकेश मोहन वशिष्ठ आर. सी. नरुला डॉ वींपी सिंह तरुण अग्रवाल ऋषि वार्ष्णेय विजय कुमार गुप्ता नवीन शर्मा शुभम ऐलानी कार्यक्रम प्रभारी दीपक भारद्वाज उमाकांत पुंडीर शुभम वार्ष्णेय कान्हा वार्ष्णेय कार्यक्रम निर्देशक गोपाल कृष्ण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर और धौलाना तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर तहसील में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान गढ़मुक्तेश्वर तहसील दिवस में कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 03 का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में भूमि से संबंधित जो भी शिकायत प्राप्त हुई हैं उनमें स्वयं मौके पर जाकर जांच करें, जांच के उपरांत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाये इसी के साथ जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए की तहसील दिवस में जो भी शिकायत प्राप्त हो रही हैं उनका आगामी तहसील दिवस से पूर्व निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे उन समस्याओं को बार-बार न दोहराया जाए इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील त्यागी, तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही धौलाना तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुए मेरठ मंडल आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोध ने अधिकारियों को निर्देश दिए तहसील में आई शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं प्राथमिकता के आधार पर करें। मेरठ मंडल आयुक्त के समक्ष तहसील दिवस में 43 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 09 का निस्तारण मेरठ मंडल आयुक्त के द्वारा कराया गया। इसी क्रम में हापुड़ तहसील की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतो को सुना। सम्पन्न हुए हापुड़ तहसील दिवस में 22 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 04 का निस्तारण किया गया।

## भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा के तत्वाधान में नवरात्रि महोत्सव पर 101 कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़** जनपद के पिलखुवा के किडजी स्कूल पिलखुवा में नवरात्रि महोत्सव पर कन्या पूजन का विराट कार्यक्रम आयोजित किया गया यह कार्यक्रम भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 101 कन्याओं का पूजन कर उपहार देकर सभी को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में सृष्टि शाखा की मार्गदर्शक कवयित्री बीना गोयल ने बताया कि यह कार्यक्रम वर्ष में दो बार संस्था द्वारा दोनों नवरात्रों में कर संस्था के सभी सदस्य धर्म लाभ उठाते हैं। उन्होंने नवरात्रि पर अपने उद्बोदन में सभी को नवरात्रि महोत्सव की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की किडजी स्कूल की प्रधानाचार्य का स्वागत संस्था के अध्यक्ष शशि गुप्ता सचिव अलका अग्रवाल कोषाध्यक्ष श्वेता बंसल उपाध्यक्ष महिला सहभागिता हिमानी बंसल ने गिफ्ट देकर व अंगवस्त्र उड़ाकर सम्मानित किया। संस्था की सम्मानित सदस्य सुधा गर्ग जी ने माता रानी का बहुत सुंदर भजन सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन शाखा की मार्गदर्शक कवयित्री बीना गोयल ने किया। स्कूल की प्रधानाचार्य स्वाति गर्ग ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार प्रकट कर संस्था के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में मोनिका सिंघल, वर्षा सिंगल, पूजा गर्ग, गरिमा गर्ग, आरती अग्रवाल, शालू बंसल के अतिरिक्त अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## चिंतामणि कुंज में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ किया गया सैकड़ों कन्या-लांगुराओं का पूजन



(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

**वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित चिंतामणि कुंज में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में चल रहे नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के अंतर्गत वेदज्ञ विप्रों के द्वारा दैनिक दुर्गा सप्तशती पाठ एवं हवन आदि के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी के चलते अष्टमी के दिन 500 से भी अधिक कन्या - लांगुरों का पूजन-अर्चन करके उन्हें भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया। जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों से आए असंख्य भक्तों-श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

चिंतामणि कुंज पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद गिरि महाराज ने कहा कि चिंतामणि कुंज हमारे सदगुरुदेव ब्रह्मलीन श्रीश्री 1008 स्वामी शिवमूर्ति महाराज की साधना स्थली है। यहां पर उनके परमाणु आज भी यहां के कण-कण में व्याप्त हैं। उन्ही के प्रताप से प्रतिवर्ष की दोनों नवरात्रों में कन्या-लांगूरों का पूजन अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ किया जाता है।

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि चिंतामणि कुंज में स्थापित देवी मां की प्रतिमा अत्यंत दिव्य व भव्य है। उनके दर्शन करने मात्र से सभी की सभी मनोकामनाएं निश्चित ही पूर्ण होती हैं। इसीलिए यहां आने वाले भक्तों व श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। अंतरराष्ट्रीय भागवत प्रवक्ता आचार्य रामविलास चतुर्वेदी एवं आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि नवरात्रों में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इन दिनों कन्या व लांगुरों का पूजन-अर्चन करके प्रसाद ग्रहण कराने से मां दुर्गा अति शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करती हैं। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी सौरभ गौड़, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य ईश्वरचंद्र रावत, पण्डित गुलशेंद्र चतुर्वेदी आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## दुनिया में किसी को सफलता मिलती है तो छप्पड़फाड़ मिलती है- बॉलीवुड कोरियोग्राफर सचिन निषाद

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** कई सेलेब्स की फिल्म बस इसलिए लोग देखने जाते हैं कि अच्छा डांस देखने को मिलेगा। शाहरुख खान से लेकर सलमान खान गानों और डांस पर धूम मचाते हैं। हालांकि, ये डांस के स्टेप किसी और के होते हैं।

बॉलीवुड में हर साल न जाने कितने ही कलाकार अपनी किस्मत आजमाने के लिए मुंबई आते हैं. कुछ सफल हो जाते हैं तो कुछ फ्लॉप होने के बाद वापस लौट जाते हैं. फिल्मों की चकाचौंध भरी दुनिया में किसी को सफलता मिलती है तो छप्पड़फाड़ मिलती है, लेकिन कई बार सफलता के लिए जी तोड़ मेहनत भी लगती है. बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने सफलता का स्वाद चखने से पहले काफी संघर्ष किया है. आज हम ऐसे ही पर्दे के पीछे छिपे कलाकारों के बारे में बात करेंगे, जो बॉलीवुड के फेमस कोरियोग्राफर हैं। प्रयागराज के रहने वाले सचिन निषाद बॉलीवुड डांस कोरियोग्राफर है मुंबई सिख कर प्रयागराज में डांस क्लास में स्कूल कॉलेज में गरीब बस्ती में सिखाने का काम किया है सचिन का कहना है कि जिन बच्चों के पास पैसे नहीं दे पा रहे हैं उन्हें हम निशुल्क में सिखाने का मौका देते हैं ऐसे ही स्वयं जाकर गरीब बस्ती में या स्कूल कॉलेज में निशुल्क सिखा देते हैं. इसी के साथ प्रयागराज में सचिन अपने परिवार और दोस्तों के साथ जन्मदिन बनाया है. उन्होंने प्रयागराज में डांस को इतने ऊंचे स्तर पर ला खड़ा किया कि दूसरों ने उसे छूने की कोशिश भी नहीं की। उनका जीवन नृत्य के लिए समर्पित रहा। और सरोज खान एवं सबीना के साथ डांस कोरियोग्राफर सीखने का मौका मिला. सचिन ने 500 से ज्यादा गानों की कोरियोग्राफी की है। सचिन ने कई हिंदी फिल्मों और भोजपुरी फिल्म में काम कर चुके हैं एक अहम रोल निभाया है फिल्म इश्क समुद्रर, तेज रफ्तार और भी फिल्में काम कर चुके हैं डांस कोरियोग्राफर के साथ-साथ उन्होंने इस संस्था बनाया कल्याणी लोक सेवा समिति है इस संस्था में 2 साल में लगातार गरीबों का मसीहा बना है, कई समाज में अलग-अलग तरीके से काम कर चुके हैं अभी हाल ही में 15 जोडो का सामूहिक विवाह भी कराया है. कल्याणी लोक सेवा समिति के कोषाध्यक्ष सचिन निषाद रहे रूपाली अवस्थी अध्यक्ष भी हैं।

## किन्नरों की शिकायत पर एक नामजद, तीन अज्ञात के विरुद्ध अभियोग दर्ज

वेलकम इंडिया

**कांधला।** किन्नरों की गाडी पर हमले के मामले में पुलिस ने पीड़ित किन्नर की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने किन्नरों को जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

नगर निवासी किन्नर ज्योति ने थाने पहुंच कर आरोप लगाया था कि वह अपने साथी फरमानी, डाक्टरी उर्फ आकिब, व ड्राईवर अंशुल के साथ गंगेरू में कार्य से जा रही थी। इसी बीच गंगेरू रजवाहे के समीप शुक्रवार रात्रि अजहर पुत्र इरशाद अपने तीन अन्य साथियों के साथ पहले से ही खडा था। उन्होंने उनकी गाडी को देखते ही उसके सामने आकर गाडी को रूकवा दिया तथा गाडी पर लाठी डंडों से हमला कर उसके शीशों को तोड दिया एवं उन्हें गाडी से बाहर निकाल कर उनके साथ मारपीट करते हुए उन्हें जान से मारने का प्रयास किया।

आरोप था कि इस दौरान हमलावरों ने उनके ड्राईवर अंशुल के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए किन्नर ज्योति के पास से काम ना छोडने से जान से मारने की धमकी दी।

## जनपद के प्रसिद्ध मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ/देवी गायन/रामायण पाठ का कार्यक्रम आयोजित किया

वेलकम इंडिया




**अमेठी।** शासन के निदेशों के क्रम में जनपद के समस्त तहसीलों व विकास खण्डों में स्थित प्रसिद्ध मंदिरों में चैत्र नवरात्रि/श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर दुर्गा सप्तशती/देवी गायन/देवी जागरण/रामायण का पाठ किये जाने हेतु निर्देशित किया गया गया है जिसके अनुपालन में आज अष्टमी तिथि को जनपद की तहसील तिलोई अंतर्गत अहोरवा भवानी मंदिर सिंहपुर व हनुमान गढ़ी मंदिर तिलोई, तहसील अमेठी अंतर्गत मां कालिकन धाम संग्रामपुर, तहसील गौरीगंज अंतर्गत माता मवाई धाम मंदिर एवं तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत मां हिंगलाज धाम मंदिर व सिद्ध धाम हनुमान गढ़ी मंदिर कस्थूनी पूरब मुसाफिरखाना शुकुल बजार विशंभर पटटी काली थान पर सप्तशती पाठ/देवी गायन/रामायण पाठ आयोजित किये गये। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आज अष्टमी तिथि को मंदिरों में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। वैदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा मुक्ति का आधार माना गया है चैत्र नवरात्रि में माँ दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे चारो ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जनपद के प्रसिद्ध देवी मन्दिरों पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनाज मंडी से बाहर गेहूं के अवैध कारोबार के खिलाफ आढ़ती लामबंद

वेलकम इंडिया



**शिकारपुर।** आढ़ती संघ शिकारपुर द्वारा अनाज मंडी से बाहर गेहूं के किए जा रहे अवैध कारोबार से तिलमिलाए आढ़तियों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया है, जिसमें अवैध कारोबारियों पर लगाम लगाए जाने की मांग की गई है।

शनिवार को आढ़ती, कृषि उत्पादन मंडी समिति कार्यालय पहुंचे। कार्यालय पर मौजूद कर्मियों द्वारा बताया गया कि मंडी सचिव तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में गए हुए हैं। इसके बाद सभी आढ़ती तहसील पहुंचे। आढ़ती संघ के अध्यक्ष अनिल मित्तल के नेतृत्व में आढ़तियों ने एसडीएम दीपक कुमार पाल को ज्ञापन सौंपा, जिसमें सरकार को टैक्स का चूना लगाने वाले अनाज मंडी से बाहर गेहूं माफियाओं द्वारा किए जा रहे कार्य को रोकने की मांग की गई। इस पर एसडीएम ने आढ़तियों को समस्या का निस्तारण किए जाने का आश्वासन देते हुए मंडी समिति के सचिव अर्जुन सिरोही को गेहूं माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में आढ़ती संघ के अध्यक्ष अनिल मित्तल के साथ संजय चौधरी, रोहित चौधरी, मनोज मित्तल, प्रिंस चौधरी, राजू शर्मा, अनिल जैन, अनिल ठेकेदार, सत्येंद्र गुप्ता, प्रमोद शर्मा, आनंद सिंघल, लोकेश, ऋषिपाल सिंह, विशेष कौशिक, नरेश कुमार, राजीव कुमार शर्मा, वेद प्रकाश, कैलाश, सुशील, चंद्र प्रकाश शर्मा और मनोज सूर्यवंशी आदि आढ़ती शामिल रहे।

## भाजपा विकास की राजनीति करने में विश्वास करती है, दिनेश शर्मा



वेलकम इंडिया

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव जसाला में भाजपा एमएलसी पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह के फार्म हाउस पर पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा अपने काफिले के साथ पहुंचे, जहां पर उनका स्वागत समारोह का आयोजन किया गया स्वागत समारोह में भाजपा एमएलसी सहित भाजपा कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया इस दौरान सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं भाजपा समर्थक मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करती, विकास की राजनीति करने में विश्वास करती है योजना सरकार किसी को देखकर नहीं देती योजना सबके लिए होती है यह सरकार हिंदुस्तान के पक्ष में है और हर वह निर्णय लिया जाएगा जो हिंदुस्तान वह आप लोगों के लिए फायदे का होगा वक्फ संशोधन बिल पर कुछ लोग गुमराह करने का प्रयास इसलिए कर रहे हैं कि मुस्लिम भाजपा से जुड़ रहा है। ओवैसी सुबह की नमाज में भड़काना चाहते हैं आपके पक्ष में बोलने का वक्त का असली अर्थ जान लिया कानून बना उसमें दिया है वंचित महिला तलाक गरीब बच्चे अंदालय शिक्षा धार्मिक मस्जिद बने दरगाह बने कोई आपत्ति नहीं है मुस्लिम इससे जुड़ रहा है यही आपत्ति लोगों को है। माहौल खराब करने की बात करते हैं जो कभी नहीं हो सकता संसद में बहस हुई हम उसमें शामिल रहे आज दुनिया में सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी वक्फ के पास है। लेकिन इनकम 663 करोड़ है एक भी महिला को ने बढ़ावा नहीं दिया गया है ना मुआवजा मिला है। अनाथालय को जमीन नहीं मिलती बिल्डर को जमीन दी गई है इस तरह की शिकायत है जब मुस्लिम प्रतिनिधियों के द्वारा की गई तब जाकर इस पर विचार विमर्श करने के बाद यह है समझ में लाया गया कोई भी भड़काऊ बात ना करें आपके हित के साथ यह बिल लाया गया है उसको समझना आपकी जरूरत है समाज को बदलने के लिए कोई नियम लाना है तो सरकार लेकर रहेगी 370 पर बार-बार बोला गया कि माहौल खराब हो जाएगा 70 साल की समस्या को 70 मिनट में हल कर दिया गया आगे की कुरीतियों को समाप्त करने के लिए भी हम लोग काम करते रहेंगे।

## कामयाबी के लिए निरंतर मेहनत जरूरी: शमशाद अहमद

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** शनिवार को विकास खंड सेमरियावा के एमएन पब्लिक स्कूल सोनौरा गौसी में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान टापर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के सोनौरा गौसी स्थित एमएन पब्लिक स्कूल परिसर में परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान हेक्सा (जर्मनी) के चेयरमैन शमशाद अहमद ने कहा कि पहले अपनी जिन्दगी का एक मकसद बनाये। आप क्या बनना चाहते हैं यह तय करें। लक्ष्य तय होने के बाद उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें। लक्ष्य हासिल करने के लिए जूनून भी होना चाहिए। देश के महान वैज्ञानिक डा. एपी जे अब्दुल कलाम ने कहा था कि सपने वह नहीं हैं जो सोते समय देखे जाते हैं सपने वह हैं जो आपको सोने न दें। विशिष्ट अतिथि इंजीनियर मेराज अहमद ने कहा कि कामयाबी के लिए समय का सदुपयोग करते हुए निरंतर मेहनत करें। कामयाब लोगों की जीवनी पढ़े। परिस्थितियों से हिम्मत न हारें, बल्कि साहस के साथ उसका मुकाबला करें। एमडी शोऐब अहमद नदवी ने कहा कि असफलता से निराश होने की जरुरत नहीं है बल्कि उसके कारणों को पहचानें। लगातार प्रयास जारी रखें। इस अवसर पर शमशाद अहमद (चैयरमैन हेक्सा जर्मनी), इंजीनियर मेराज अहमद, एमडी शोऐब अहमद नदवी, प्रधानाचार्य इसरार अहमद, सालिम हासमी, सईद अहमद, अफकार अहमद, हबीबुर्रहमान, खलिद हुसैन, रामफूल, आकाश सोनी, महेंद्र कुमार, रमेश कुमार, पीयूष तिवारी, आसिया खातून, इरम खान, साबेरा, जिया सायबा, जैनब खातून, नगमा शाहजादी, सुमैय्या खातून, मीना मौर्या, सीमा खानम, सना कुरैशी, सहित अभिभावक गण मौजूद रहे। नर्सरी से यूकेजी के बीच तूबा, कक्षा एक से कक्षा पाँच के बीच मोहम्मद आमान, कक्षा छः से कक्षा आठ के बीच नाजमीन अजरा, कक्षा नौ से कक्षा ग्यारह के बीच नुजहत जहाँ, इन बच्चों को किया गया पुरस्कृत उम्मे हबीबा, एहतेशाम, तूबा खातून, अब्दुल अली, मोहम्मद तुलैब, मोहम्मद आमान, फात्मा खातून, रूशदा आजीज, उमैमा खातून, नशरह खातून, नाजमीन अजरा, कनीज फात्मा, नुजहत जहाँ, आमिना खातून, मोहम्मद शाद इसरार, माहेनूर, सायमा, मो मोसाब, मो अरकम, फात्मा जवेरिया, मोहम्मद आजीम, अरीबा खान, अरीबा अतहर, कोमल आदि मौजूद रहे।

## तेलंगाना राज्य में एक्सपोजर विजिट के दल में मण्डल का प्रतिनिधित्व करेंगे ग्राम प्रधान सेहुडा अफजाल अहमद

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** पंचायती राज विभाग द्वारा तेलंगाना राज्य के उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों के भ्रमण की टीम में जनपद संतकबीरनगर से सेमरियावा ब्लाक के सेहुडा ग्राम प्रधान अफजाल अहमद का चयन किया गया है।

पंचायती राज निदेशक राजेश कुमार त्यागी द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि यह दल 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक तेलंगाना राज्य के उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा।

गौरतलब है कि ग्राम प्रधान सेहुडा अफजाल अहमद दिल्ली में लाल किले पर गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किये गये थे। ग्राम प्रधान अफजाल अहमद को 11 दिसम्बर 2024 को विश्व शौचालय दिवस, 14 अप्रैल 2016 को प्रधानमंत्री द्वारा सशक्तिकरण पुरस्कार, 16 दिसंबर 2016 को रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार, 18 जुलाई 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा इनकी पत्नी को पुरस्कृत किया गया। इन्होने अपने लगन व मेहनत से साबित कर दिया कि कोई लक्ष्य नामुमकिन नहीं है। इस उपलब्धि हासिल करने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, सय्यद तारिक हुसैन, पूर्व प्रमुख महमूद आलम चौधरी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुहम्मद अहमद, शोएब अहमद नदवी, ग्राम प्रधान मुनीर अहमद, अब्दुल हकीम, अबूबकर, शकील अहमद, नरेन्द्र कुमार, अब्दुल कलाम, राम लखन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन







**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**

**माल,लखनऊ** । चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया।

आपको बता दें कि विकासखंड माल की ग्राम पंचायत सस्पन के अटेर गांव स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन शनिवार को कथावाचक आचार्य सुनील कांत तिवारी ने कहा कि भगवान की भक्ति से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि राम नाम को जीवन में आत्मसात करने से जीवन संवर जाता है ।युवाओं को विशेष संदेश देते हुए संत आचार्य सुनील कांत ने कहा कि माता-पिता की सहमति के बिना की गई शादी से जीवन सफल नहीं होता। साथ ही भक्तों को सनातन संस्कृति से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को समय पर संस्कार और धर्म की शिक्षा दें। साथ ही मुकेश पांडेय ने बताया कि हिन्दू धर्म में कई कथाओं के सुनने के अलग-अलग लाभ मिलते हैं लेकिन भागवत कथा का इतना महत्व है कि कहते हैं कि इसे सुनने वाला सीधे मोक्ष को प्राप्त होता है। शास्त्रों और पौराणिक कथाओं में भी भागवत कथा सुनने की महिमा का बखान मिलता है। भागवत कथा सुनने से व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास होता है। यह भगवान के प्रति भक्ति को गहरा करता है और व्यक्ति को मोक्ष की ओर ले जाता है।

# कोतवाल अवन कुमार दीक्षित की सख्ती से जनता खुश हो रही सराहना

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़** ।पट्टी ।कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण के लिए पट्टी कोतवाली में तैनात किए गए नवनियुक्त कोतवाल अवन कुमार दीक्षित ने चार्ज संभालते ही अपनी सख्त कार्यशैली से जनता के बीच विश्वास कायम किया है। जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं।

शनिवार को उन्होंने पट्टी कस्बे में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर जनता को सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान कस्बा इंचार्ज सहित दर्जनों पुलिसकर्मी उनके साथ मौजूद रहे। फ्लैग मार्च के जरिए उन्होंने असामाजिक तत्वों को सख्त चेतावनी दी कि शांति और व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कोतवाल दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस विभाग की सक्रियता और तत्परता साफ दिख रही है। जनता से संवाद, गश्त में नियमितता और अपराध पर त्वरित कार्रवाई उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उनके आने के बाद आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और लोग खुलकर पुलिस की सराहना कर रहे हैं।। पुलिस महकमे की इस बदली हुई छवि ने न केवल कानून व्यवस्था को मजबूती दी है, बल्कि प्रशासन पर जनता का भरोसा भी बढ़ाया है। नवनियुक्त कोतवाल की तत्परता से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बना है, जिसे लेकर हर वर्ग में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

# 18 घंटे बाद मिला व्यक्ति का शव गंगा मे



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर नरसेना बुगरासी चौकी क्षेत्र के गांव बसी बांगर में अपने करीबी रिश्तेदारी में आए दिल्ली द्वारिका निवासी पिता व पुत्र शुक्रवार की शाम गंगा में स्नान के दौरान पानी में पैर फिसलने से गहरे पानी में चले गए। उनके शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने पुत्र को बाहर निकाल लिया। जिससे उसकी जान बच गई। शनिवार की दोपहर गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद पिता श्यामलाल का शव मिल पाया। गंगा तटीय गांव बसी बांगर निवासी धनपत पुत्र खामी सिंह के रिश्तेदार दिल्ली द्वारका निवासी श्यामलाल पुत्र मोहन लाल 60 वर्षीय अपने बेटे आकाश कुमार व विवेक और उसके दोस्त आर्यन निवासी लक्ष्मीबाई नगर अपने दोस्त के साथ गंगा स्नान करते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में समा गए थे। आकाश के दोस्त ने पिता व पुत्र को डूबते देख उनको बचाने के लिए शोर मचा दिया। उनका शोर शराबा सुनकर खेत में काम कर रहे स्थानीय किसान आनन फानन में गंगा की तरफ दौड़कर गंगा पर पहुंचे और डूबते आकाश को गंगा से बाहर निकाल लिया। लेकिन स्थानीय किसान आकाश के पिता श्यामलाल गहरे पानी में समा गया। सूचना पर तुरन्त थाना नरसेना व चौकी बुगरासी पुलिस मौके पर पहुंची। और तुरन्त एनडीआरएफ की टीम बुलाकर श्यामलाल की तलाश शुरू कराई। एसएचओ नरसेना रीतेश कुमार ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम की कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार को श्यामलाल का शव मिल गया है। थाना प्रभारी रीतेश कुमार ने बताया कि शव गहरे पानी के अंदर झाड़ में फंस गया था। जिसके कारण श्यामलाल की मौत हो गई।

# कांग्रेस ने की प्रेस वार्ता, अभिवादन समारोह का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ जनपद हापुड़ में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद कुरैशी ने सभी को साथ लेकर चलने और पार्टी को मजबूत बनाने का कांग्रेसी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को दिलाया आश्वासन.बूथ स्तर पर पार्टी का कार्यकर्ता खड़ा करेगी कांग्रेस - इरफान अहमद कुरैशी.हापुड़।* शनिवार 5 अप्रैल 2025 को दिल्ली रोड स्थित प्रकाश रीजेंसी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद कुरैशी ने संयुक्त रूप से एक प्रेस वार्ता की। जहां उन्होंने पार्टी और कांग्रेस आला कमान द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व और जनपद हापुड़ के समस्त कांग्रेसी पदाधिकारियो और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव/प्रभारी पुरुषोत्तम नागर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। जिनका कांग्रेस जनों ने फूलों के हार से और ढोल नगाड़ों के साथ भव्य और जोरदार स्वागत किया। प्रदेश सचिव ०प्रभारी पुरुषोत्तम नागर ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए इस बार पार्टी बहुत सकारात्मक हैं और लगातार इस दिशा में आगे बढ़ रही हैं। जिसका परिणाम आगामी चुनावों में देखने को मिलेगा। *कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया* कि पार्टी ने जिस उम्मीद और आशा के साथ उन्हें ये अहम जिम्मेदारी सौंपी है उसका वे पूरी तत्परता के साथ निर्वहन करेंगे और संगठन को हर संभव मजबूत बनाएंगे। शहर अध्यक्ष इरफान अहमद कुरैशी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस बूथ स्तर पर पार्टी का कार्यकर्ता खड़ा करेगी ।कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद कुरैशी ने सभी को साथ लेकर चलने और पार्टी को मजबूत बनाने का कांग्रेसी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को आश्वासन दिलाया हैं। प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों को लेकर बेहद ही गंभीरता के साथ विचार विमर्श कर रही है जिसकी शुरूआत उन्होंने उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों और महानगरों में अध्यक्ष पद को लेकर शुरू कर दी है उन्होंने कहा है कि कांग्रेस सामाजिक न्याय और भागीदारी को महत्व देते हुए हर जनपद में संगठन का निर्माण और उसे मजबूत बनाने की स्थिति में कार्य करने पर जोर दे रही है। 4 अप्रैल को दिल्ली में कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में सभी जिला अध्यक्षों और शहर अध्यक्षों से संवाद के जरिए प्रदेश में संगठन की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने और अपने-अपने जनपद की समस्याओं को बुनियादी ढांचे में लाकर उन पर मजबूती से सड़क पर संघर्ष करने के लिए जोर दिया गया।

# कंपोजिट स्कूल में एनुअल फंक्शन के साथ रिजल्ट वितरण का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**लखीमपुर खीरी:**जनपद खीरी के ब्लॉक बेहजम के ग्राम सुनौरा में कंपोजिट स्कूल में प्रधानाचार्य गुफरान अहमद की जानिब से एनुअल फंक्शन के साथ-साथ रिजल्ट वितरण समारोह का आयोजन किया गया ।जहाँ एक तरफ रिजल्ट पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे तो वही विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद के साथ-साथ स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। एनुअल फंक्शन में पहुंचे पेरेंट्स ने भी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया। प्रधानाचार्य गुफरान अहमद विद्यालय में आए हुए अभाविकों का धन्यवाद व्यक्त किया। रिजल्ट वितरण के साथ एनुअल फंक्शन के इस आयोजन के कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में चेहरे खिल उठे !

# फरीदा बांगर में धूमधाम से मनाई गई महाराज गुह्यराज निषाद राज की जयंती



**वेलकम इंडिया**

**ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के गांव फरीदा बांगर में शनिवार को महाराज गुह्यराज निषाद की जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मौजूद देवेन्द्र सिंह निषाद, धर्मवीर सिंह निषाद, दयाचंद निषाद, चेतराम निषाद, व निषाद समाज सहित व अन्य लोगों ने महाराज गुह्यराज निषाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का आव्हान किया। महाराज गुह्यराज निषाद की जयंती के अवसर पर शनिवार को सैकड़ों से अधिक निषाद समाज के लोग एकत्रित हुए तथा उन्होंने महाराज गुह्यराज निषाद के चित्र पर माल्यार्पण किया।

देवेन्द्र सिंह निषाद ने महाराज गुह्यराज निषाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की प्रभु श्री राम को महाराज गुह्यराज निषाद ने ही प्रभु श्री राम को नाव में बैठाकर गंगा पार कराई थी। उन्होंने कहा कि महाराज गुह्यराज निषाद राज की पूजा और उनके धाम के दर्शन से व्यक्ति की दशा और दिशा दोनों सुधर जाती हैं। धर्मवीर सिंह निषाद व देवेंद्र सिंह निषाद छत्रपाल सिंह निषाद आदि ने कहा कि निषाद समाज को महाराज गुह्यराज निषाद राज के पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। मौजूद लोगों ने बताया कि गांव फरीदा बांगर में हर वर्ष महाराज गुह्यराज निषाद राज जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। कार्यक्रम के अन्त में समस्त निषाद समाज ने एक दूसरे को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर मंदिर पूजारी कछिद लोधी ,दयाचंद निषाद, देवेंद्र सिंह निषाद, धर्मवीर सिंह निषाद, चेतराम निषाद, छत्रपाल सिंह निषाद, पवन निषाद, इंद्रजीत सिंह गौतम, जितेंद्र गौतम, नंदराम निषाद, श्रीकेश निषाद, आदि समस्त निषाद समाज व अन्य लोग मौजूद रहे।

# ज्वैलर्स को दंपती ने लगाया चूना, लाखों के जेवर ठगे

गाजियाबाद। इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर-12 में एक ज्वैलर्स की दुकान से दंपती तीन लाख 38 हजार रुपये के जेवर लेकर फरार हो गए। फर्जी हस्ताक्षर वाला चेक देकर जेवर ले गए। आरोप है कि कई बार मांगने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया। पीड़ित ज्वैलर्स की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज एफआईआर में गौरव वर्मा ने कहा है कि 9 जनवरी 2025 को नविता और शानू उनकी दुकान पर आई थीं। दोनों ने सोने की चेन, चार अंगूठी, कंठी सेट और टॉप्स का ऑर्डर दिया था। उन्होंने 5000 रुपये एडवांस दिए थे। 11 जनवरी को दोनों जेवर लेने आईं। शानू ने उनकी पत्नी जरीना के नाम का फर्जी हस्ताक्षर वाला चेक देकर जेवर ले लिए। चेक बैंक में लगाने पर पता चला कि चेक पर फर्जी हस्ताक्षर हैं।

# मेडिकल स्टोर पर की छापेमारी, लाखो की दवाई जब्त



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर नरसेना** .बुगरासी नगर में शनिवार को ड्रग कमिश्नर मेरठ के आदेश पर जनता इंटर कॉलेज रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की गई। ड्रग कमिश्नर मेरठ के आदेश पर मेरठ, हापुड़ व बुलंदशहर के औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टोर से 40 कट्टे दवा जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख है, सीज कर दी है। दवा की जांच के लिए पांच नमूने भी लिए गए हैं।

नगर बुगरासी में शनिवार को जनता इंटर कॉलेज रोड स्थित बिना लाइसेंस के संचालित नासिर पुत्र आसमोहम्मद के मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की गई। इसमें ड्रग इंस्पेक्टर बुलंदशहर अनिल आनंद, ड्रग इंस्पेक्टर मेरठ मंडल मेरठ गौरव लोधी व ड्रग इंस्पेक्टर हापुड़ हेमेंद्र चौधरी रहे। अनिल आनंद ने बताया कि मेडिकल स्टोर नासिर पुत्र आसमोहम्मद चला रहा था जिसका कोई लाइसेंस नहीं है। ड्रग कमिश्नर मेरठ अरविंद कुमार गुप्ता के आदेश पर कार्यवाही की गई है। 98 प्रकार की 40 कट्टे दवाइयां सीज की गई हैं। इनकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपए है। जांच के लिए पांच नमूने भी लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ड्रग एक्ट के तहत कोर्ट में मुकदमा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नासिर के स्टोर से कुछ फर्म के बिल मिले हैं। उन पर भी कार्यवाही होगी। साथ ही नासिर किन्हें दवा बेचता था इसकी जानकारी की जा रही है। जानकारी के बाद उनकी भी जांच होगी।

# बिना परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस के दौड़ रहे वाहनों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई :एआरटीओ



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

(हापुड़) यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ हापुड़ परिवहन विभाग की कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले एवं अपंजीकृत ई-रिक्शा ,परमिट पॉल्यूशन इंश्योरेंस फिटनेस इत्यादि मानकों को पूर्ण न करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है बता दें की परिवहन विभाग टीम के एआरटीओ रमेश चौबे पीटीओ आशुतोष उपाध्याय,ट्रैफिक पुलिस टीआई छविराम के द्वारा शासन आदेशनुसार बहुत बड़े पैमाने पर अपंजीकृत ई रिक्शा पॉल्यूशन, फिटनेस,इंश्योरेंस जैसे मानक पूरे नहीं करने वाले आटो एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें संख्या में ऐसे वाहनों के विरुद्ध चालान एवं सीज करने की कार्यवाही की जा रही है। वहीं इस अभियान को लेकर एआरटीओ रमेश चौबे का कहना है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी वाहन चालक को नहीं बक्शा जायेगा। और अपंजीकृत ई-रिक्शा ऑटो चालकों पर कार्यवाही करने को लेकर उनका यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 8 शिकायतें तीन निस्तारित

**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर.(बुलंदशहर)** शनिवार को शिकारपुर तहसील सभागार में एसडीएम दीपक कुमार पाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में 8फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। इनमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश विभागीय अफसरों को दिए गए ।शिकारपुर तहसील में एसडीएम दीपक कुमार पाल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों ने एसडीएम के समक्ष अपनी शिकायत रखकर निस्तारण कराने की मांग की एसडीएम ने 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार बेपरवाही नहीं की जाए। तहसील दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी दीपक कुमार पाल तहसीलदार विपिन कुमार वर्मा नायब तहसीलदार मरियम खातून कानूनगो नरेंद्र कुमार प्रदीप मन्नाडे रूपसिंह विक्रम सिंह शिकारपुर बीडीओ विभोर गुप्ता पहासू नरेंद्र कुमार शर्मा शिकारपुर ईओ नीतू सिंह छतारी अजय गौतम शिकारपुर खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता पहासू अमित गुप्ता विद्युत विभाग एसडीओ राम आशीष यादव पहासू ब्लॉक आरईएस जेई संजय कुमार सीएचसी शिकारपुर डॉ आशीष शर्मा शिकारपुर लेखपाल हरीश कुमार तथा सम्बन्धित थाना प्रभारी, व अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि कर्मचारी आदि मौजूद रहे।



# कृदय-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता हुए मेडल, ट्रॉफी से सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डा. एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा.पीएन भिसे ने सात दिवसीय वार्षिकोत्सव ह्यकृदय-2025ह्ल में विभिन्न विभागों में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरित करते हुए कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा, ह्यकृदय-2025ह्ल में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा को दिखाया है, ऐसी प्रतिभाओं को सम्मान मिलने से प्रतिभा और भी निखरकर सामने आती हैं। खेलकूद में अच्छी प्रतिभा दिखाने वाली बेटियां भी बधाई के पात्र हैं। देश एवं दुनिया में नाम रोशन अगर हम कर सकते है तो खेल के माध्यम जीवन में सुनहरा अवसर मिलता है, खेलने से दिमाग चुस्त दुरूस्त होने के साथ शरीर भी फिट रहता है। इसलिए खूब खेलो, खूब पढ़ो और खूब खाओ, ताकि समृद्ध व समर्थ भारत की कल्पना साकार हो सके। उन्होंने कहा कि आप सभी युवा हैं, इसलिए अपने जीवन का एक क्षण भी बर्वाद न कर, पूरी लगन व मेहनत से अपने लक्ष्य को प्राप्त करें तथा मन से





किसी कार्य को करेंगे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी, इसके लिए गुरुओं को जामवंत की भूमिका में होना चाहिए और अपने शिष्यों को हनुमान जी की तरह उनका बल याद दिलाते रहना चाहिए। आप दुनिया में नाम रोशन करें यही मेरी कामना है। इस अवसर पर कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई का विशेष महत्व है, प्रतिस्पर्धा के इस दौर में पढ़ाई के साथ ही विद्यार्थियों को हर क्षेत्र का ज्ञान होना बेहद जरूरी है। इस दौरान विवि के प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन ने कार्यक्रम को संबोधित किया तथा सभी डीन एवं प्रोफेसर्स ने विजेता छात्र-छात्राओं का स्वागत किया।

इस अवसर पर एफएलएएस डीन डॉ धर्मराज, एफओएमसी डीन सीपी वर्मा, डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ कमल पांडेय, डॉ मीतेन्द्र सिंह चाहर, बेदवीर सिंह, नवनीत सिंह, नेत्रपाल सिंह, श्रीमती संजूवाला शैलेन्द्र शर्मा, गुंजिता चौधरी आदि उपस्थित रहे।

सम्मान समारोह में प्रथम विजेता समीक्षा, नीलम, विशाखा, योगिता, खुश्बू, अलका, विशाखा, अन्नू, मोनिका, खुश्बू, शिवांगी, कोमल, मनीशा, नीलम, समीक्षा, पूजा, रंजनी, मेघा, हिमानी, आयुषी, कल्पना, दिव्या, जयवाला, लक्ष्मी, मंजू, गीतांजलि, चेतना, शिखा, हीमानी, राशि, प्रदीप, सविता, हेमंत, जगमोहन, मोहित, मोनिका, प्रदीप, पूजा, मोहित, रूचि, सतेन्द्र, शुभम, शिवम, सतेन्द्र, देवेन्द्र, तेजवीर, विकास, रंजनी, अंशू, अमित, भानु, भोलेन्द्र, देवेस, हुकूम, इन्द्रजीत, नरेश, ओमप्रकाश, प्रदीप, उदयभान, वेदप्रकाश, विष्णु, गौरव, पूजा, अंकुश, भूपेन्द्र, चन्द्रवीर, चिकीं, गौरव, हर्षित, हिमांशु, ज्योति, कोमल, कुसुम, मंजू, मोहित, मोनिका, मुस्कान, रंजनी, सचिन, सतेन्द्र, शुभम, स्नेहा, विकास, युवराज, आरती, चंचल, हेमा, मानवी, नीतिका, पूजा, पूजा चौधरी, रूचि, सविता, योगिता, रूचि, सतेन्द्र सूयांस, सनवी, तेजवीर, विकास, आरती, चेतना, करिश्मा, पूजा, पूनम, विवेक, अमित, भोलेन्द्र, इन्द्रजीत, प्रदीप, उदयवान, वेदप्रकाश को मेडल, ट्रॉफी, प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में सभी संकायों के डींस, प्रोफेसर, फैकल्टी मैम्बर, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक खेल निदेशक आरके शर्मा ने किया।

## बदबूदार पानी की आपूर्ति से लोग परेशान

**गाजियाबाद।** शनिवार सुबह से ही ट्रांस हिंडन के इलाकों में बदबूदार पानी की आपूर्ति हुई। लोगों को पानी खरीदकर काम चलाना पड़ा। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी गंदे पानी की समस्या से राहत नहीं मिल रही है। रामप्रस्थ कॉलोनी सोसायटी के लोगों का कहना है कि करीब एक माह से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है।

पेयजल लाइन काफी पुरानी होने के कारण यह समस्या बनी हुई है। रामप्रस्थ विकास सेवा समिति के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने बताया कि सुबह से ही व्हाट्सएप ग्रुप में गंदे पानी को लेकर मैसेज आने लगे। कॉलोनी के मनोज जैन ने ग्रुप में लिखा कि कभी-कभी पानी इतना बदबूदार आता है कि टंकी भरने के बाद भी उसकी बदबू दूर नहीं होती। इसके बाद टंकी की सफाई करानी पड़ती है। वहीं, राजेंद्र नगर के लोगों ने बताया कि लंबे समय से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। पानी में सीवर का गंदा पानी मिल रहा है। पानी इतना गंदा है कि नहाने, कपड़े धोने और शौचालय के लिए भी इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जगह-जगह गंदा पानी पीने से लोगों के बीमार होने के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। गर्मी में पानी के बिना हालात और खराब हो रहे हैं। पिछले कई दिनों से वसुंधरा सेक्टर 2, वैशाली सेक्टर 3 और दयाल कुंज में गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। पीने की बात तो दूर, लोग नहाने के लिए भी इसका इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं।

## पत्रकार परिषद ने जिलाधिकारी से की वन क्षेत्राधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर।** पत्रकार परिषद ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को एक मांग पत्र देकर वन क्षेत्राधिकारी के खिलाफ कार्यवाही कराने की माँग की है। पत्रकार परिषद के पत्रकारों ने जिलाधिकारी को सौंपे माँग पत्र में कहा है कि चांदपुर के वन क्षेत्राधिकारी की रुपए मांगने, पत्रकार व किसानों को असभ्य भाषा प्रयोग करने संबंधित वायरल हुई ऑडियो व वीडियो पर अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई है जिस कारण पत्रकारों में भारी रोष व्याप्त है। वन क्षेत्राधिकारी की रूपयों के लेनदेन के साथ पत्रकार व किसान के विरुद्ध असभ्य भाषा से संबंधित ऑडियो व वीडियो ( जिसमें रुपयों के लेने की बात स्पष्ट की जा रही है ) जनवरी एवं फरवरी 2025 में सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई, जिससे भाजपा सरकार की छवि धूमिल हुई है। इस संबंध में पत्रकार परिषद के पत्रकारों ने 17 फरवरी 2025 को एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को सम्बोधित उपजिलाधिकारी चांदपुर को सौंपा था। जिसमें माँग उठाई गई थी कि भ्रष्टाचार में लिप्त वन क्षेत्राधिकारी के विरुद्ध शीघ्र ही अनुशासनात्मक दंडनात्मक कार्यवाही की जाये। परंतु अफसोस इस बात का है कि वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत कुमार के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने के बाद भी अभी तक इनके विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही नहीं की गई जो चिंता का विषय है। माँग पत्र में बताया गया कि पत्रकार परिषद के पदाधिकारी 11 मार्च को पुनः उप जिलाधिकारी चांदपुर से मिले थे। साथ ही 2 अप्रैल को पत्रकार परिषद के महामंत्री अजय कुमार कौशिक ने जिलाधिकारी को इस प्रकरण से अवगत कराते हुए त्वरित कार्यवाही कराये जाने का निवेदन किया था। पत्रकार परिषद ने जिलाधिकारी से प्रदेश सरकार के भ्रष्टाचार समाप्त करने की प्राथमिकता वाले उद्देश्य के अंतर्गत इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए वन क्षेत्राधिकारी चांदपुर के निलंबन संबंधी कार्यवाही कराई जाने के लिए संबंधित को पत्र लिखने की मांग की है। वहीं वन क्षेत्राधिकारी के खिलाफ कार्यवाही न होने पर अन्यथा की स्थिति में पत्रकार परिषद भ्रष्टाचार के विरुद्ध समाजसेवी संगठनों को साथ लेकर आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन - प्रशासन की होगी। माँग पत्र देने वालों में पत्रकार परिषद के संरक्षक एड० पवन राज शर्मा, एड० नरेश जावा, अध्यक्ष मौहम्मद अजमल, महामंत्री अजय कुमार कौशिक, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ जीतू, संगठन महामंत्री डॉ० मनोज कटारिया एवं ऑडिटर सुभाष जावा आदि पत्रकार मौजूद रहे।



## सुंदरकांड व भजन कीर्तन का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** प्राचीन से मंदिर पर सुंदरकांड व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। चैत्र नवरात्र अष्टमी/रामनवमी के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद नूरपुर द्वारा थाना नूरपुर के निकट स्थित प्राचीन से मंदिर पर सुंदरकांड में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित सुदर्शन द्वारा सुंदरकांड व भजन कीर्तन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह, डॉ जसविंदर कौर, डॉ गगन प्रताप सिंह चौधरी रणबीर सिंह सरदार हरभजन सिंह डॉ शीला राणा, प्रेमपाल सिंह रवि, राजीव जोशी सहित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जरैला में स्कूल चलो अभियान की शुरूआत रैली निकालकर की

वेलकम इंडिया

**मथुरा/नंदगांव।** विकासखंड क्षेत्र के हाथिया ग्राम पंचायत के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला जरैला में स्कूल चलो अभियान की शुरूआत रैली निकालकर की।

स्कूल चलो अभियान की शुरूआत प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मौहम्मद रियाज उर्फ राजू, क्षेत्र पंचायत सदस्य मौहम्मद सरफराज खान एवं कल्लू खान व प्रभारी प्रधानाध्यापक त्रिलोक चंद्र दुबे ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। उसके बाद शुभारंभ विधालय प्रांगण से होते हुए नगला बरकत एवं नगला जरैला के चौराहे




पर होते हुए गली गली में भ्रमण करते हुए विभिन्न ओजस्वी वाणी में नारों एवं स्लोगन के मध्य विद्यालय में समापन हुआ। इस दौरान अभिवावकों ने नवीन प्रवेश में रुचि दिखाई दी।अंत में अपने उद्बोधन में प्रभारी प्रधानाध्यापक त्रिलोक चंद्र दुबे ने छह वर्ष से लेकर चौदह वर्ष की आयु के छात्रों का विधालय में नवीन नामांकन पर बल दिया। वहीं शासन प्रशासन की नीतियों पर चलने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित स्टाफ कर्मियों में प्रभारी प्रधानाध्यापक त्रिलोक चंद्र दुबे, सहायक अध्यापक पवन कुमार, सुमन वर्मा, आशीष लवानिंया, राधा शर्मा, देवेन्द्र कुमार, मनोज कुमार गोयल, हेमन्त कुमार एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री आविदा, हसीना ने सहभागिता प्रदान की।

## अभिनेता मनोज कुमार के रुप में राष्ट्र ने एक हीरा खो दिया: विशाल गुर्जर

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** बॉलीवुड के सुपर स्टार मनोज कुमार के देहांत से पूरे बॉलीवुड जगत के साथ- साथ देश भर में गम का माहौल है। मुम्बई में रहकर जनपद बिजनौर का नाम रोशन कर विशाल गुर्जर एक्टिंग में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। उन्होंने मनोज कुमार के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इस घटना को अनहोनी बताया और कहा कि मनोज कुमार की फिल्म को काफी समय से देखते हुए आ रहे हैं, वह एक महान कलाकार रहे उन्होंने लाखों दिलों को जीता है। विशाल कटारिया ने कहा कि मुझे गहरा दुख है कि वह अब नहीं रहे। लेकिन उन्होंने बेहतरीन फिल्म व गाने दिए, जिनसे उन्हें हमेशा याद किया जायेगा। बॉलीवुड अभिनेता विशाल गुर्जर ने परम पिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## माता महाकाली मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन



नितिन शर्मा : वेलकम इंडिया

**नूरपुर :** नूरपुर नगर मे गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मोहल्ला रामनगर में माता महाकाली मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।भंडारे से पूर्व पूर्ण विधि विधान से हवन पूजन किया गया। हवन पूजन में यजमान मनीष त्यागी उर्फ गुड्डू रहे। हवन पूजन के बाद भंडारा शुरू किया गया जिसमें नगर व क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। इस अवसर पर मास्टर नरेश कुमार चौहान, महिपाल सिंह त्यागी, अवनीश यादव, मलपुरिया, अमित शर्मा, रिंकू वर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

## विद्यालय में शिक्षित 35 छात्र छात्राएं चयनित होने पर प्रबंधक को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** जहां गुरु को सर्वोपरि माना गया है वही छात्रों द्वारा कामयाबी हासिल करने पर गुरु भी अपने छात्रों पर गर्व महसूस करता है। दीनदयाल इंटर कॉलेज अडिंग में शिक्षित 35 छात्र व छात्राओं का उत्तर प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों में चयन हुआ है।

दीनदयाल इंटर कॉलेज की कामयाबी के बाद क्षेत्र में एक चर्चा का विषय बना हुआ है, इसी के चलते समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष सोनू यादव व समाजसेवी अरुण यादव द्वारा इंटर कॉलेज के प्रबंधक दिनेश चंद यादव का पटका व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। दीनदयाल इंटर कॉलेज के 22 छात्रों ने उत्तर प्रदेश पुलिस में कामयाबी हासिल की है वहीं



एक छात्रा ने सीजीएल व एक छात्रा ने एमटीएस व तीन छात्राओं ने स्वास्थ्य विभाग में कामयाबी हासिल की है। दीनदयाल इंटर कॉलेज के 35 छात्र व छात्राओं ने उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में कामयाबी हासिल की है। इस स्वागत समारोह के दौरान कुंज बिहारी गर्ग, तरुन शर्मा ,ज्योति शर्मा, बृजरानी, बेबी यादव, अल्पना, प्रज्ञा राणा, दिनेश चंद्र त्रिपाठी, हेमा, बादल, हरि ओम, शिवम, देव, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष मुन्ना मलिक के नेतृत्व में दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष मुन्ना मलिक पार्षद के नेतृत्व में समाजवादी युवजन सभा के पदाधिकारियों ने अपर नगर आयुक्त रामजीलाल को ज्ञापन दिया। जिला अध्यक्ष मुन्ना मलिक ने कहा 35 लाख रुपए का जो फर्नीचर खरीदा गया है उसमें लाखों रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है जिस कुर्सी की कीमत बाजार में 12 हजार रुपए है उसे 19 हजार रुपए तक में खरीदा गया है। वहीं मेज अलमारी अन्य सामान भी अधिक कीमत में खरीदा गया है जो भ्रष्टाचार में लिप्त है उसको बक्शा नहीं जाना चाहिए ये जनता की गाड़ी कमाई के पैसे से खरीदा गया है सामान है हम निष्पक्ष जांच के साथ कार्यवाही की मांग करते



हैं। जिस फर्नीचर की खरीद की गई है, उसकी गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कुर्सियां महंगी हैं, लेकिन उसके अनुरूप उनकी गुणवत्ता नहीं है। ऐसा ही हाल टेबलों का है। अन्य सामान की खरीद में भी खेल किया गया है। कृपया उपरोक्त प्रकरण की निष्पक्ष जाँच कराने की कृपा करें तथा दोषी कर्मचारियों, अधिकारियो व बाबू, कंप्यूटर आपरेटर और जो भी दोषी हो उन सभी के विरुध कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करे अगर नगर निगम द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो समाजवादी युवजन सभा धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होगी।

## नफरत की राजनीति से लोगों को गुमराह कर रही भाजपा, आने वाला दौर कांग्रेस का : निगहत अब्बास

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** जिले में कांग्रेस को नया जिलाध्यक्ष मिलते ही सक्रियता शुरू हो गई है। शनिवार को पार्टी की मासिक बैठक हुई जिसमें जिलेभर के कांग्रेसियों ने संगठन को मजबूत करने और पार्टी को गांव गांव पहुंचाने को लेकर विचार रखे। कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांग्रेसियों ने एकजुट होकर संगठन को सशक्त करने और आम आदमी की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। प्रत्येक




माह की 5 तारीख को जिला कार्यालय पर मासिक बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता निगहत अब्बास ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कार्यकताओं को संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता निगहत अब्बास ने कहा कि भाजपा हिन्दू मुस्लिम की राजनीति करके लोगों को बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से भटका रही हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक संविधान विरोधी और तानाशाही का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा वक्फ विधेयक के जरिए मुस्लिम समाज के हितों वाली जमीनों पर कब्जा करना चाहती है । उन्होंने कहा कि यूपी में गुंडाराज है, महिलाओं पर अत्याचार बढ़े है। योगी सरकार सड़के, स्वास्थ्य और शिक्षा पर ध्यान देने के बजाय नफरत फैलाने पर काम कर रही है।

# कल्याण मंडप भवन के निर्माण कार्य का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समय के अंतर्गत पूरा कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी श्रुति ने नगर विकास विभाग द्वारा मस्तराम गंगा घाट की तरफ बनाए जा रहे कल्याण मंडप भवन के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यदाई संस्था सी0एंड डी0एस0 द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है जोकि 30मई 2025 तक पूर्ण करना है। डीपीआर को देखते हुए जिलाधिकारी ने आवश्यक जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को समय से पूरा कराया जाए। ईओ नगर पालिका अनूपशहर को निर्देश दिए गए निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता का ध्यान रखे। थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन भी कराया जाए।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अनूपशहर प्रियंका गोयल ईओ नगर पालिका उपस्थित रही।



# दो दिवसीय वार्षिकोत्सव तत्व 2025 का शानदार समापन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ )।** मेरठ रोड गाजियाबाद स्थित राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में दो दिन से चल रहे फेस्ट तत्व-2025 का शानदार तरीके से समापन हुआ। दो दिन तक चलने वाले उत्सव में एक से एक बढ़कर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पूरा कैंपस छात्र छात्राओं के द्वारा भव्य रूप में सजाया गया। संस्थान के छात्र छात्राओं के अतिरिक्त, 15 अन्य संस्थानों से आए हुए 1500 छात्र छात्राओं ने कल्चरल, लिटरेरी, हॉबी एवं स्पोर्ट्स के अनेकों प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। बाहर से आए हुए आगंतुकों ने आरकेजीआईटी कॉलेज में आयोजित हुए सभी कार्यक्रमों की प्रशंसा की। प्रमुख प्रतियोगिताओं का परिणाम इस प्रकार रहा - नुक्कड़ नाटक में आरकेजीआईटी, ग्रुप डांस में ए डी जी आई पी एस दिल्ली, इंग्लिश

- पूरा कैंपस छात्र छात्राओं के द्वारा भव्य रूप में सजाया गया।
- संस्थान के छात्र छात्राओं के अतिरिक्त, 15 अन्य संस्थानों से आए हुए 1500 छात्र छात्राओं ने कल्चरल, लिटरेरी, हॉबी एवं स्पोर्ट्स के अनेकों प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

डिबेट में आरकेजीआईटी, बॉलीबॉल बॉयज में आरकेजीआईटी, बॉलीबॉल गर्ल्स में एस आर एम्, बैडमिंटन में काइट कॉलेज विजयी रहा । सभी प्रतियोगिताओ के विजेताओं को आज के मुख्य अतिथि श्री गंभीर सिंह (एडी एम् सिटी, गाजियाबाद) द्वारा पुरुस्कार, ट्रॉफीज और प्रशश्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा संस्थान के मेधावी विद्यार्थियों को रु 75,000, रु 51,000 व रु 5,100 के नकद पुरुस्कार भी दिए गए।दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम को संस्थान की 'स्टूडेंट्स एक्टिविटी काउंसिल' के बैनर तले आयोजित किया गया। संस्थान के वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल ने बाहर से आए हुए सभी गेस्ट, प्रेस- मीडिया से आए हुए पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्टूडेंट्स एक्टिविटी काउंसिल के अध्यक्ष श्री आलोक त्यागी व उनकी टीम के सदस्यों प्रिया शर्मा, विकास त्यागी, वैभव शर्मा, डॉ गरिमा गर्ग, मानस त्रिपाठी, नीना शर्मा, सौरभ सिंह, मिस शमीर्ला, प्रशांत राठी को कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन पर बधाई दी। कॉलेज के एडवाइजर प्रो. लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान, डायरेक्टर डॉ बी सी शर्मा व डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर श्री एच जी गर्ग ने सभी प्रतियोगी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। समापन कार्यक्रम में फामेर्सी, बीबीए बीसीए कॉलेज के प्रिंसिपल, सभी डीन, समस्त विभागों के अध्यक्ष, फैकल्टी व स्टाफ उपस्थित रहे।

# अष्टमी पूजन कर कन्याओं को प्रसाद कराकर आशीर्वाद लिया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** नवरात्र की अष्टमी के दिन देवी मां के भक्त जनों ने अष्टमी पूजन कर कन्याओं को प्रसाद कराकर आशीर्वाद लिया। कस्बा निवाड़ी निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय त्यागी ने देवी नवरात्र में श्रद्धा पूर्वक अपने परिवार के साथ व्रत व्रत रख कर मां की पूजा अर्चना की और अष्टमी के दिन पूजन कर कन्याओं को प्रसाद कराकर आशीर्वाद लिया। संजय त्यागी ने कहा कि आज का दिन कन्या माँ दुर्गा का रूप है। देवी मां की जो भक्त सच्चे मन से पूजा अर्चना करता है, मां देवी उसे अपना आशीर्वाद देती है। उन्होंने कहा कि कन्याऐ देवी मां का स्वरूप है। उन्होंने देवी मां से प्रार्थना की उन्हें अच्छी शिक्षा मिले।



## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील मेंहदावल पर पहुंचकर सुनी गयी जनता की समस्याएं



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस पर संयुक्त रुप से तहसील मेंहदावल पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडलों की योजना बैठक का किया आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** भाजपा के स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर भाजपा के जिला अध्यक्ष चैन पाल सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल ने रेस्टोरेंट मोदीनगर पर विधानसभा क्षेत्र मोदीनगर एवं आंशिक धौलाना के मंडलों की योजना बैठक का आयोजन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष चैन पाल सिंह ने जानकारी दी कि हर वर्ष भाजपा का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाया जाता है। 6 अप्रैल सन 1980 को भाजपा पार्टी की स्थापना हुई थी। यह कार्यक्रम 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलना है। जिसमें 6 अप्रैल को कार्यालय की सजावट एवं कार्यालय एवं घरों पर भाजपा का झंडा लगाना है। 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि करनी है। 8 से 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होना है। जिसमें



तीन वक्ताओ का उद्बोधन होगा। 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान रहेगा। जिसमें भाजपा पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गांव मोहल्ला एवं बस्तियों में प्रवास करेंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल ने स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल अध्यक्षों एवं कार्यक्रम संयोजकों को आगामी कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताते हुए अहम जिम्मेदारी सोंपी साथ ही उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित हुए करते हुए कहा जिस तरह से गत वर्षो से सभी आयामों को आप सफल बनाते आए हैं आगे भी सभी आयामों को सफलतापूर्वक पूर्ण करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र त्यागी जितेंद्र चित्तौड़ा देवेंद्र डायमंड अमित चौधरी सुदेश जैन नितिन मित्तल साधना शर्मा नवीन जायसवाल आकाश शर्मा सचिन त्यागी दीपक गुर्जर नीरज चौधरी रोहित तोमर टेंमपाल पंवार सौरभ शर्मा हिमांशु थापर जीत सिंह विमल शर्मा आदि संयोजक उपस्थित रहे।

## आईटीएसमें एल्यूमनी मीट का आयोजन, देश-विदेश से लौटे पूर्व छात्र

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ रोड स्थित आईटीएस कॉलेज ऑफ फामेर्सी में शनिवार को कॉलेज के एल्यूमनी एसोसिएशन द्वारा पूर्व छात्रों के सम्मान में 'एल्यूमनी मीटज का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल पुराने छात्रों को एक बार फिर कॉलेज की यादों से जोडे वाला था, बल्कि उनके अनुभवों से वर्तमान छात्रों को प्रेरणा देने वाला भी बना। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के निदेशक डॉ. एस. सदीश कुमार, डीन डॉ. राजकुमारी, उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस गरिमामयी शुरूआत ने पूरे कार्यक्रम को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। डॉ. सदीश कुमार ने देश-विदेश से आए पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कॉलेज की उपलब्धियों को साझा किया।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारे पूर्व छात्रों को अपने कॉलेज के सुनहरे पलों को दोबारा जीने और संस्थान से अपने जुड़ाव को और गहरा करने का एक प्रयास है। डॉ. राजकुमारी ने बताया कि आईटीएस कॉलेज के कई पूर्व छात्र आज देश-विदेश के हेल्थकेयर सेक्टर में प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं। इसी क्रम में पूर्व छात्र नितिन ने यूनाइटेड किंगडम में अपने कार्य अनुभव को साझा किया, जबकि लंदन में कार्यरत गौरव नरूला ने क्लिनिकल रिसर्च के क्षेत्र में अपने योगदान के बारे में विस्तार से बताया। पुराने छात्रों ने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए शिक्षकों और मित्रों के साथ सेल्फी ली, यादें ताजा कीं और कॉलेज की उन्नति के लिए सुझाव व सहयोग देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आईटीएस-दि एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी उपस्थित छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्रों की उपलब्धियां संस्थान के लिए गर्व की बात हैं। एल्यूमनी मीट का सफल संयोजन डॉ. सागरिका मांझी, डॉ. इति चौहान और स्वाति वर्मा द्वारा किया गया। सभी ने इस आयोजन को यादगार बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## भारत गौरव आइकोनिक अवार्ड से सम्मानित हुए बागपत के विपुल जैन



**नई दिल्ली।**

नई दिल्ली के लोधी रोड़ स्थित आंध्र एसोसिएशन में भारत गौरव आइकोनिक अवार्ड का भव्य आयोजन किया गया। अवार्ड समारोह में देश के सर्वश्रेष्ठ योजना मंत्री के रूप में सम्मानित व अंडमान और निकोबार में उपराज्यपाल व असम, मिजोरम व नागालैंड़ राज्यों के सबसे प्रभावशाली राज्यपालों में शुमार माननीय जगदीश मुखी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में जगदीश मुखी ने इंटरनेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित बागपत के वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन को चादर ओढ़ाकर भारत गौरव आइकोनिक अवार्ड से सम्मानित किया। विपुल जैन को यह सम्मान उनके द्वारा किये जा रहे समाजसेवी कार्यो, अपने प्रोफेशन के माध्यम से समाज में छुपी हुई प्रतिभाओं को देश व दुनिया के सामने लाने, जरूरतमंदों की मद्द करने, लोगों को न्याय दिलाने व साम्प्रदायिक सौहार्द में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद पुरुषोत्तम खोडाभाई रूपाला, सांसद शंकर लालवानी, नेशनल वाइस प्रेसिडेंट डाक्टर चुबा आओ नागालैंड़, सांसद ममता मोहंता, पूर्व सांसद सुनील गायकवाड, दिल्ली क्राइम ब्रांच के एसीपी संदीप मल्होत्रा, केजी जाना सहित देश के अनेकों सांसद, विधायक व जानी-मानी हस्तियां उपस्थित थी।

# सर्जिकल सेवाएं गुरु महाराज के चरणों में अरदास करके प्रारंभ की



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोविंदपुरी में सर्जिकल सेवाएं गुरु महाराज के चरणों में गुरुद्वारा साहिब की ग्रंथि ज्ञानी जसवंत सिंह ने अरदास करके प्रारंभ की गई। इन सेवाओं में मॉइश्चुरी फ्रिज(डेड बॉडी रखना वाला ) ,ऑक्सीन कंस्ट्रक्टर पेशेंट बेड व्हीलचेयर ,वॉकर आदि सेवाएं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से ये सभी जरूरतमंद को निशुल्क प्रदान की जाएगी हम उन परिवारों का भी दिल से आभार व्यक्त करते हैं। जिन्होंने इस सेवाओं के लिए तन मन धन से सहयोग दिया है। आज अरदास में निम्न सेवादार उपस्थित रहे प्रधान बलविंदर सिंह,कैशियर मनमोहन सिंह ,सरदार तरनजीत सिंह सरदार गुरमीत सिंह सरदार अरविंद सिंह जसदीप सिंह इरविंदर सिंह गुरविंदर सिंह ओकार सिंह ,गोतम अरोरा, नवदीप सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह सुरेंद्र सिंह विक्रम सिंह बाबू आहूजा सुनील कुमार प्रमोद कुमार नमन,गुरविंदर कौर ,सरबजीत कौर कवल जीत कौर कामनि भूटानी रघुवीर कौर आदि उपस्थित रहे हम बहुत जल्द ही अंतिम शव यात्रा वाहन भी सेवा के लिए क्षेत्र वासियों को गुरुद्वारा साहिब से निशुल्क प्रदान करेंगे।

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए किया हंगामा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** शकूरपुर गांव में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क अभी पूरी भी नहीं बनी और जगह-जगह से उखड़ने लगी है।मोदीनगर के शकूरपुर गांव की जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य का विरोध करते हुए हंगामा किया। आरोप है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे शकूरपुर-तलहैटा मार्ग पर घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण महज एक हफ्ते पहले शुरू हुआ था, लेकिन अभी से उसकी परतें उखड़ने लगी हैं।लोगों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर काम रुकवा दिया और अधिकारियों को बुलाने की मांग की।ये देखिए ये सड़क एक हफ्ते से बन रही है और अभी से टूटने लगी है।हम ये घटिया काम नहीं होने देंगे।हमारे गांव की सुरक्षा और सुविधा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं है।



# एमआईईटी में आयोजित हुआ रिसर्च एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025

उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में रिसर्च एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर उन शिक्षकों और शोधकताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने एससीआई और स्कोपस जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्रकाशित कर संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ए. सी. माथुर

- शोध पत्र प्रकाशित करने वाले 45 से अधिक शिक्षकों व शोधकताओं को किया गया सम्मानित

(सेवानिवृत्त ग्रुप डायरेक्टर, स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, इसरो) और डॉ. शरद चंद्रा शर्मा (पूर्व एसोसिएट डायरेक्टर, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर, इसरो, त्रिवेंद्रम) उपस्थित रहे। उन्होंने शोधकताओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एमआईईटी के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल और कैंपस डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने भी शोधकताओं को बधाई देते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वे अपनी शोध यात्रा को और अधिक व्यापक व उपयोगी बनाएं। इस कार्यक्रम का आयोजन असिस्टेंट डीन (रिसर्च) डॉ. हुसैन मेहदी के नेतृत्व में किया गया, जिनके साथ शिवानी रोहिल्ला ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। डॉ. मेहदी ने अपने संबोधन में कहा कि,ज्यह सम्मान समारोह न केवल शोधकताओं की मेहनत और समर्पण को मान्यता देता है, बल्कि संस्थान में शोध संस्कृति को भी मजबूत करता है। इस अवसर पर कुल 45 से अधिक शोधकताओं को सम्मानित किया गया, जिनकी शोध उपलब्धियाँ न केवल अकादमिक जगत के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी योगदान करती हैं। रिसर्च एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 ने एमआईईटी में शोध और नवाचार को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। संस्थान इस पहल के माध्यम से उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और शोध की संस्कृति को और अधिक सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।







# मयंक गोयल जी की संयुक्त अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम आदरणीय केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत किया गया







## बिना टिकट यात्रा करने पर भरना पड़ेगा 10 गुना जुमार्ना

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रोडवेज बसों में मार्च माह में 321 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। इनसे टिकट मूल्य से 10 गुना तक जुमार्ना वसूला गया। साथ ही कंडक्टर से प्रति यात्री 500 रुपये जुमार्ना वसूला गया। गाजियाबाद क्षेत्र में कौशांबी, गाजियाबाद, साहिबाबाद, लोनी, हापुड़, सिकंदराबाद, बुलंदशहर, हापुड़ डिपो हैं। इनमें करीब 850 बसें संचालित हो रही हैं। परिवहन निगम की टीम रोजाना बसों में बिना टिकट यात्रा करने वालों की चेकिंग करती है। औसतन हर माह 300 से 350 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े जाते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक केसरी नंदन चौधरी ने बताया कि अगर कोई यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा जाता है तो उस पर किराए के अलावा 500 रुपये या कुल किराए का 10 गुना जुमार्ना लगाया जाता है। जो भी कम हो, उसे यात्री से मौके पर ही वसूला जाता है। रात के मुकाबले दिन में बिना टिकट यात्रा करने वाले लोग कम पाए गए हैं। मार्च में कुल यात्रियों में से 60त्न यात्री रात में बिना टिकट यात्रा करते पाए गए।

## नवरात्र की अष्टमी को किया गया विशाल भंडारे का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम शिव मंदिर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में पवित्र नवरात्र में अष्टमी के दिन विशाल भंडारे का शुभारंभ विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान द्वारा किया गया भंडारे के आयोजक विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सागर शर्मा ने बताया कि माता रानी की अनुकंपा से खीर,पूड़ी,हलवा अनेक प्रकार की सब्जिया प्रसाद में शामिल किया गया वहीं इस भंडारे में भारी संख्या में भक्तगण पहुंचे और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किए इस दौरान भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की भीड़ जुटी रही इसमें महिलाओं की संख्या माता रानी की कृपा से काफी अधिक रही। भंडारा पूजा अर्चना के पश्चात दोपहर 12 से शुरू हुआ और देर शाम तक चला। भक्तों ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और जयकारे लगाए। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। इस अवसर पर संस्थापक उपाध्यक्ष पंडित आरसी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित आलोक शर्मा, वरिष्ठ समाज सेवी ब्राह्मण शिरोमणि नीरज शर्मा, सुभाष शर्मा राष्ट्रीय महासचिव, जिला अध्यक्ष पंडित अंकित शर्मा, अशोक गोयल समाजसेवी, ब्राह्मण शिरोमणि हरीश शर्मा, अमित सोनी, महिपाल सोनी, अभिषेक पंडित, सौरभ शर्मा, अरुण शर्मा, नीरज चौधरी, तरुण पंडित, अंकुर पंडित मौजूद थे।

## 45 वां स्थापना दिवस की तैयारी हेतु विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया झंडा वितरण

**मुरादनगर।** विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी ने विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष एवं स्थापना दिवस आयाम से जुड़े प्रमुख लोगों के साथ अपने आरडीसी स्थित कार्यालय पर एक बैठक कर स्थापना दिवस के 6 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक सभी कार्यों की रूपरेखा तैयार कर जिम्मेदारियों का आबंटन किया। 6 अप्रैल स्थापना दिवस की तैयारियों के तहत सभी मंडल अध्यक्षों को झंडा वितरण किया।

## अज्ञात वाहन ने मां बेटी को कुचला

गाजियाबाद। ट्रांस हिंडन एरिया में साहिबाबाद में एक अज्ञात वाहन ने मां और बेटी को कुचल दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। उधर पसौंडा पुलिस चौकी के पास एक वाहन ने टक्कर मारकर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लाजपतनगर निवासी अमित श्रीवास्तव ने थाना साहिबाबाद में दी तहरीर में कहा कि मेरी पत्नी अर्चना श्रीवास्तव और पुत्री शुभान्सी श्रीवास्तव को 31 मार्च को किसी कार्य से अपने घर से अर्थला जाने के दौरान अर्थला साई मन्दिर के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर दोनों घायल कर दिया। सूचना पर मैंने उनको लाकर अस्पताल में भर्ती करा दिया था। उसके बाद मैने करीब 1 बजे 112 पर कॉल किया था। तब जाकर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। थाना टीला मोड़ में दी तहरीर में करन शर्मा पुत्र बृजेश कुमार निवासी मकान न. 828 गली नं 5/1 राज नगर कालोनी पाईप लाईन रोड गाजियाबाद ने कहा कि 18 मार्च को सुबह 10 बजे अपनी नौकरी पर जा रहा था। पसौंडा चौकी पार करते ही दो युवक तेजी में गलत साइड से बाइक लेकर आ रहे थे और मुझे टक्कर मार दी। टक्कर मारकर भाग रहे युवकों की बाइक का नंबर मैने याद कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कार की बैटरी के साथ तीन दुपहिया वाहन चोरी

**गाजियाबाद।** चोरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। ट्रांस हिंडन में अलग–अलग स्थानों पर एक कार से बैटरी चोरी कर ली तो वहीं तीन दोपहिया वाहन चोर ले गए। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। दिल्ली के मंडोली निवासी सुहेब ने थाना टीलामोड़ में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपनी बाइक डी मार्ट, ऑक्सी होम के पास पार्किंग में खड़ी की थी। शाम को खरीदारी करने के बाद बाहर निकले तो बाइक गायब थी। साहिबाबाद थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में अरुण शर्मा का कहना है कि तीन अप्रैल को उनकी कार घर के बाहर खड़ी हुई थी। रात के समय चोरों ने इसकी बैटरी चोरी कर ली। सुबह कार स्टार्ट नहीं हुई तो चोरी का पता चला। कौशांबी थाने में वैशाली सेक्टर दो निवासी अंकित पांडेय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। चोर रात के समय घर के बाहर से उनकी स्कूटी चोरी कर ले गए। इंदिरापुरम थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में वसुंधरा सेक्टर दो निवासी प्रिय रंजन ने बताया कि घर के बाहर खड़ी बाइक सुबह गायब मिली। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील का कहना है कि सभी स्थानों से फुटेज इकट्ठी की है। इससे चोरों की पहचान के प्रयास कर रहे हैं।

## रामनवमी पर मांस-मछली की दुकानें रहेंगी बंद, आदेश जारी

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** रामनवमी के पावन अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम ने शहरवासियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए एक अहम निर्णय लिया है। रविवार को रामनवमी पर्व के दिन शहर की सभी मांस और मछली की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। इस संबंध में नगर निगम के उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज सिंह की ओर से स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। नगर निगम प्रशासन का यह निर्णय धार्मिक भावनाओं की गरिमा को बनाए रखने और सामाजिक सौहार्द को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रयास माना जा रहा है। डॉ. अनुज सिंह ने बताया कि पर्व के अवसर पर सभी संबंधित दुकानदारों को पहले ही सूचित कर दिया गया है कि वे रविवार को अपनी मांस और मछली की दुकानें बंद रखें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी दुकानदार द्वारा इस आदेश का उल्लंघन किया गया तो नगर निगम द्वारा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। रामनवमी के दिन पूरे शहर में धार्मिक आयोजनों की धूम रहती है। मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन होता है और श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। ऐसे में नगर निगम का यह कदम न केवल सांस्कृतिक भावनाओं के अनुरूप है, बल्कि शहर में शांति और सद्भावना बनाए रखने के लिए भी सराहनीय पहल मानी जा रही है।

## जिले में धूमधाम से महाष्टमी मनाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिले में शनिवार को धूमधाम से महाष्टमी मनाई गई। मंदिरों के बाहर- सुबह से रात तक श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं, जहां भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर महागौरी का गुणगान किया। वहीं जिले की सोसाइटी में भी श्रद्धाभाव के साथ अष्टमी मनाई गई। लोगों ने सुबह में अपने-अपने घरों पर कन्या पूजन किया और शाम को माता की चौकी में भजन कीर्तन किया। चैत्र नवरात्र के आठवें दिन शनिवार को मंदिरों में माता के अन्नपूर्णा रूप महागौरी की पूजा की गई। मंदिरों में पूजा के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। पूरा दिन मंदिरों में माता रानी के जयकारे गूंजते रहे। दिल्ली गेट मंदिर, कालीबाड़ी मंदिर समेत जिलेभर के मंदिरों में माता रानी का भव्य श्रृंगार कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। महिला मंडली ने भजन कीर्तन से मां का गुणगान किया। मंदिरों में हवन के साथ कंजक पूजन भी किया गया। इसके बाद शाम को महाआरती का आयोजन हुआ। दिल्ली गेट स्थित प्राचीन देवी मंदिर में महागौरी की पूजा के बाद हवन और प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने मां की आरती कर दुख कष्टों को दूर करने की प्रार्थना की।

## पार्षद को पुलिस ने किया नजर बंद

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के गाजियाबाद दौरे से ठीक पहले एक नया सियासी विवाद खड़ा हो गया है।

जानकारी के मुताबिक, मौर्य के शनिवार को घंटाघर रामलीला मैदान में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने से पहले वार्ड 95 की पार्षद रुखसाना सैफी को नजरबंद कर दिया गया। इस कदम से सूबे की सियासत में तनाव बढ़ गया है और विपक्ष ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया है। सूत्रों के अनुसार, पार्षद को उनके आवास पर ही नजरबंद किया गया, ताकि वह डिप्टी सीएम के दौरे के दौरान किसी तरह का विरोध प्रदर्शन या हंगामा न कर सकें। पुलिस ने उनके घर के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात की है और उन्हें बाहर निकलने से रोका जा रहा है। इस घटना को लेकर सपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, यह सरकार की तानाशाही का नमूना है। विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। वहीं, प्रशासन का कहना है कि यह कदम कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

## बाइक सवार ने घर के बाहर खेल रहे बच्चे को रौंदा

**गाजियाबाद।** खोड़ा थानाक्षेत्र में बाइक सवार ने घर के बाहर खेल रहे बच्चे को रौंद दिया। गंभीर हालत में बच्चे का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पिता ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। खोड़ा के अनिल विहार में रहने वाले गणेश रावत का छह वर्षीय बेटा रूद्र सिंह एक अप्रैल की रात को घर के बाहर खेल रहा था। गणेश ने पुलिस को बताया कि इसी दौरान सफेद रंग की बाइक पर एक युवक तेज रफ्तार में आया और बच्चे को टक्कर मारकर उसके ऊपर बाइक चढ़ा दी।

बच्चे के रोने की आवाज सुनकर वह बाहर आए तो बाइक सवार फरार हो गया था। अस्पताल ले जाने पर पता चला कि रूद्र की पैर की हड्डी टूट गई है।

## तिगरी गोल चक्कर पर बनेगा गाजियाबाद का भव्य प्रवेश द्वार, महापौर ने किया शिलान्यास



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नोएडा से तिगरी गोल चक्कर होते हुए विजय नगर गाजियाबाद में प्रवेश करते है। जिससे लोगो को गाजियाबाद में प्रवेश का पता नही चलता है। इसी क्रम में एक द्वार का कार्य यू पी गेट पर चल रहा है और ऐसे ही शनिवार को तिगरी गोल चक्कर पर एक प्रवेश द्वार निर्माण का शिलान्यास महापौर सुनीता दयाल के कर कमलों द्वारा किया गया है। जिसमे मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष हेमराज माहौर, अवर अभियंता एस के सरोज उपस्थित रहे। चुनाव के बाद से ही महापौर सुनीता दयाल ने शहर के मुख्य प्रवेश पर द्वार बनवाने की प्लानिंग की हुई थी। जिसके लिए यू पी गेट पर प्रवेश द्वार का निर्माण पूर्व में ही शुरू हो गया था और आज तिगरी पर प्रवेश का निर्माण कार्य शुरू किया गया है जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 28 लाख है। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि हमारे शहर के बाहरी हाइवे से लोग निकल जाते है और गाजियाबाद के पता भी नही चलता है यह प्रवेश द्वार बनाये जाने से शहर की जानकारी होगी और शहर की सुंदरता बढ़ेगी। यह द्वार शहर की पहचान बनेंगे और इनका रूप भी भव्य होगा जिसको देख कर अन्य शहरवासी भी प्रेरणा लेकर अपने शहर में इसी मॉडल के द्वार बनाएंगे। इस द्वार में ढोलपुरी पत्थर, रंग बिरंगी लाईट, आस पास हरयाली से साज सज्जा की जाएगी जो दूर से ही लोगो को आकर्षित करेगी।